संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI REG. No.-CHHHIN/2004/15050
Po.Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

दैनिक घटती घटना

www.ghatatighatana.com
Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 21, अंक - 133 सोमवार 17 मार्च 2025 , पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

# अभिनेत्री ने डीआरआई पर फिर लगाए गंभीर आरोप

» हिरासत में थप्पड़ मारे गए...

» खाना नहीं दिया गया...

**नई दिल्ली,16 मार्च 2025(ए)।** गोल्ड स्मगलिंग केस में पकड़ी गई कन्नड़ एक्ट्रेस रान्या राव ने एक बार फिर राजस्व खुफिया निदेशालय के अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाए हैं और अपनी बेगुनाही का दावा किया है। रान्या राव ने जेल अधिकारियों के डीआरआई के अधिकारियों को भेजे गए एक पत्र में दावा किया है। 6 मार्च को लिखे गए और अगले दिन भेजे गए पांच पन्नों के हाथ से लिए गए पत्र को डीआरआई, एचबीआर लेआउट, बेंगलुरु के अतिरिक्त महानिदेशक को संबोधित किया गया है। पत्र में रान्या का दावा है कि उन्हें झूठा फंसाया गया है।

## हिरासत में 40 खाली पन्नों पर साइन लिए...

पत्र में रान्या राव ने लिखा है,मुझे विमान के अंदर ही पकड़ लिया गया और बिना कोई स्पष्टीकरण दिए ही गिरफ्तार कर लिया गया। मेरी गिरफ्तारी से लेकर अदालत में पेश किए जाने तक मुझे उन अधिकारियों ने कम से कम 10-15 बार थप्पड़ मारे, जिन्हें मैं पहचान सकती हूं। उनमें से एक ने कहा कि अगर मैंने उनके द्वारा तैयार किए गए दस्तावेजों पर हस्ताक्षर नहीं किए तो वे मेरे पिता का नाम और पहचान उजागर कर देंगे,भले ही वे इसमें शामिल न हों. अत्यधिक दबाव और शारीरिक हमले के कारण मैंने 50-60 टाइप किए हुए पन्नों और लगभग 40 खाली पन्नों पर हस्ताक्षर किए।



## 14 किग्रा सोने के साथ हुई थी रान्या राव की गिरफ्तारी

बता दें कि 34 वर्षीय रान्या राव को 3 मार्च को दुबई से बेंगलुरु आने के दौरान केम्पेगौड़ा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर 12.56 करोड़ रुपये मूल्य की 14 किलोग्राम सोने के साथ गिरफ्तार किया गया था। राजस्व खुफिया निदेशालय ने रान्या राव पर सोने की तस्करी के एक बड़े अभियान में शामिल होने का आरोप लगाया है। रान्या राव ने पहले भी हिरासत के दौरान अपने साथ दुर्व्यवहार का आरोप लगाया था। डीआरआई ने इन आरोपों का खंडन करते हुए कहा है कि सभी प्रक्रियाएं कानूनी और सम्मानजनक तरीके से संचालित की गईं।

### ठीक से सोने और खाने तक नहीं दिया गया

रान्या ने आगे लिखा है,डीआरआई हिरासत के दौरान मुझे ठीक से सोने या खाने की अनुमति नहीं दी गई। मैं निर्दोष हूं और मुझे झूठा फंसाया गया है। जैसा कि दावा किया गया है, कभी कोई महाजर नहीं निकाला गया, न ही मेरी तलाशी ली गई या मुझसे कुछ भी बरामद किया गया। दिल्ली के कुछ अधिकारी स्पष्ट रूप से अन्य यात्रियों को बचाना चाहते हैं और मुझे फंसाना चाहते हैं. मैं अनुरोध करती हूं कि मेरे पकड़े जाने के समय से लेकर मुझे अदालत में पेश किए जाने तक दर्ज किए गए किसी भी बयान पर भरोसा न किया जाए. रान्या द्वारा हस्ताक्षरित और उनके विचाराधीन कैदी (यूटीपी) नंबर - 2198/25 का उल्लेख करते हुए पत्र में लिखा है।

### छोटे व्यापारियों को मिलेंगे समान अवसर

## डिजिटल कंप्टीशन एक्ट लाने जा रही सरकार




**नई दिल्ली,16 मार्च 2025 (ए)।** केंद्रीय कारपोरेट कार्य मंत्रालय और सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय में राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने रविवार को कहा कि सरकार छोटे व्यापारियों को समान अवसर उपलब्ध कराने के लिए लगातार काम कर रही है। इसके लिए डिजिटल कंपटीशन एक्ट का ड्राफ्ट भी तैयार हो चुका है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत के कारोबार में सूक्ष्म, लघु और मध्यम (एमएसएमई) सेक्टर का बहुत बड़ा योगदान है और देश के ट्रेड और मैन्युफैक्चरिंग में एमएसएमई की हिस्सेदारी 80 प्रतिशत, निर्यात में 45 प्रतिशत और जीडीपी में 30 प्रतिशत है। इस वजह से सरकार का फोकस एमएसएमई सेक्टर पर बना हुआ है।नई दिल्ली में एक कार्यक्रम में लोगों को संबोधित करते हुए मल्होत्रा ने कहा कि आज का समय काफी बदल गया है। कंपटीशन केवल स्थानीय स्तर पर ही नहीं रह गया है, बल्कि वैश्विक स्तर पर पहुंच गया है। इस वजह से कंपटीशन कमीशन ऑफ इंडिया (सीसीआई) की भूमिका काफी अहम हो गई है और हमारी जिम्मेदारी है कि अपने कानूनों को फेयर प्रैक्टिस के मुताबिक ही बनाए और लागू करें। उन्होंने आगे कहा कि सीसीआई की जिम्मेदारी बाजार में गैर-प्रतिस्पर्धी प्रथाओं को रोकने के साथ छोटे और नए उद्योगों के लिए ऐसा माहौल तैयार करना है, जिससे सभी को समान अवसर मिले।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि हमारे रेगुलेशन पहले के मुकाबले काफी प्रभावी हुए हैं और बाजार में किसी एक कंपनी के प्रभाव को रोकते हैं।

### महत्वपूर्ण खबर

## फिरोजपुर में नशा तस्कर का गिराया गया घर




**फिरोजपुर ,16 मार्च 2025(ए)।** पंजाब सरकार द्वारा नशे के खातमे के लिए बुलडोजर तेजी से चल रहा है। वहीं, अब फिरोजपुर के झुग्गे हजारा इलाके में एक नशा तस्कर गुरचरणजीत सिंह उर्फ चन्नी के घर पर बुलडोजर चलाया गया है। गुरचरणजीत सिंह उर्फ चन्नी एक शातिर नशा तस्कर है। आरोपी को 25 किलो हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया गया था और उसे सजा भी सुनाई गई थी। जो लंबे समय से नशे की तस्करी में लिप्त था। पुलिस के मुताबिक, वह 7 साल की सजा काटने के बाद बेल पर बाहर आया था। लेकिन बेल मिलने के बाद वह फरार हो गया और फिर से अवैध गतिविधियों में शामिल हो गया। आरोपी फिरोजपुर के झुग्गे हजारा इलाके में फॉरेस्ट लैंड पर अवैध कब्जा कर घर बना चुका था। पुलिस और प्रशासन ने इस अवैध प्रॉपर्टी को सील कर गिराने का फैसला लिया। आरोपी के खिलाफ तीन मामले दर्ज थे, जिनमें से एक मामले में यह फरार चल रहा था। प्रशासन द्वारा नशा तस्कर का मकान गिरा दिया गया है।

## अमृतपाल के 7 साथियों को लाया जाएगा पंजाब



**चंडीगढ़,16 मार्च 2025(ए)।** खडूर साहिब से सांसद और खालिस्तानी संगठन वारिस पंजाब दे' के प्रमुख अमृतपाल सिंह के सात साथियों को जल्द पंजाब लाया जा सकता है। पंजाब सरकार ने इन सभी पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून जारी रखने से इनकार कर दिया है।

पंजाब पुलिस सभी को डिब्रूगढ़ जेल से गिरफ्तार कर पंजाब लाएगी और पंजाब के थानों में दर्ज सभी मामलों में कार्रवाई करेगी। वहीं, अमृतपाल सिंह और साथी पप्पलप्रीत सिंह अभी डिब्रूगढ़ जेल में ही रहेंगे, क्योंकि पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट में चल रही उनकी एनएसए की अगली सुनवाई 22 मार्च को होने वाली है, जिसके बाद सरकार आगे का फैसला लेगी।

## मंगलुरु पुलिस ने रिकॉर्ड तोड़ एमडीएमए किया जब्त

**मंगलुरू,16 मार्च 2025(ए)।** मंगलुरु सिटी पुलिस ने ड्रग तस्करी के खिलाफ एक बड़ी और ऐतिहासिक कार्रवाई की है। पुलिस ने कर्नाटक राज्य के इतिहास में एमडीएमए की अब तक की सबसे बड़ी खेप जब्त की। इस अभियान में एक अंतरराष्ट्रीय ड्रग तस्करी सिंडिकेट के दो सदस्यों (दक्षिण अफ्रीकी महिलाओं) को गिरफ्तार किया गया है।



# फर्जी वोटिंग को रोकने वोटर आईडी को आधार से जोड़ने की प्रक्रिया तेज

### चुनाव आयोग ने 18 मार्च को बुलाई अहम बैठक

**नई दिल्ली ,16 मार्च 2025(ए)।** पैन कार्ड की तरह अब मतदाता पहचान पत्र को भी आधार कार्ड से लिंक करने की प्रक्रिया तेज हो रही है। चुनाव आयोग ने इस मसले पर 18 मार्च को केंद्रीय गृह मंत्रालय, कानून मंत्रालय और भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ बैठक बुलाई है।




### क्यों जरूरी है आधार से ईपिक लिंकिंग?

जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 में संशोधन के बाद 2021 में आधार को मतदाता पहचान पत्र से जोड़ने की अनुमति दी गई थी। चुनाव आयोग ने इसे स्वैच्छिक रखा और मतदाताओं से आधार संख्या एकत्र करना शुरू किया। इसका मुख्य उद्देश्य मतदाता सूची से डुप्लिकेट पंजीकरण हटाना था, लेकिन अब तक दोनों डेटाबेस को लिंक नहीं किया गया है।

### बैठक में किन मुद्दों पर होगी चर्चा?

18 मार्च को होने वाली इस बैठक में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार, चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी के साथ केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन, विधायी विभाग के सचिव राजीव मणि और यूआईडीएआई के सीईओ भुवनेश कुमार शामिल होंगे। बैठक में आधार-ईपिक लिंकिंग की तकनीकी और कानूनी पहलुओं पर चर्चा होगी।

### टीएमसी ने उठाया था मुद्दा

यह बैठक ऐसे समय में हो रही है जब तृणमूल कांग्रेस ने पश्चिम बंगाल और अन्य राज्यों में मतदाताओं के पास एक ही ईपीआईसी संख्या होने का मुद्दा उठाया है। इसकी वजह से चुनाव आयोग को यह स्वीकार करना पड़ा है कि कुछ राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों ने ईपीआईसी संख्या जारी करते समय गलत अल्फ़ान्यूमेरिक सीरीज का इस्तेमाल किया था।



## राष्ट्रपति-पीएम मोदी ने प्रख्यात ओडिया कवि रमाकांत रथ के निधन पर जताया दुख

**नई दिल्ली,16 मार्च 2025(ए)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रख्यात ओडिया कवि पद्म भूषण रमाकांत रथ के निधन पर दुख जताया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि रमाकांत रथ भारतीय साहित्य जगत की एक प्रमुख विभूति थे। उन्हें पद्म भूषण सहित अनेक पुरस्कारों से सम्मानित किया गया।राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के कार्यालय ने रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, प्रख्यात कवि रमाकांत रथ जी के निधन के बारे में जानकर मुझे बहुत दुख हुआ है। रमाकांत रथ भारतीय साहित्य जगत की एक प्रमुख विभूति थे। उन्हें पद्म भूषण सहित अनेक पुरस्कारों से सम्मानित किया गया।

## लोन चुकाने में असमर्थ महिला को जज ने दी अनोखी राहत

» फैसला सुनकर लोगों ने की सराहना...

**वैशाली,16 मार्च 2025 (ए)।** वैसे तो अदालतों में रोज ही फैसले होते हैं, इनमें से कुछ फैसलों की खूब चर्चा भी होती है। बिहार की एक अदालत में एक ऐसी घटना हुई, जिसमें भले ही कोई फैसला नहीं हुआ,लेकिन यह घटना सुर्खियों में है। इस घटना को जान और सुनकर आप भी वाह-वाह कह उठेंगे। दरअसल मामला बिहार के वैशाली में आयोजित लोक अदालत में बैंक लोन संबंधी एक मामले की सुनवाई से जुड़ा है। इस मामले की सुनवाई करते हुए जज ने खुद अपनी जेब से रकम निकालकर महिला का लोन भर दिया। इसे देखकर पहले तो लोग हैरान रह गए और फिर हर आदमी ने अपनी क्षमता के मुताबिक महिला की मदद की।



## एआर रहमान की तबीयत बिगड़ी, हॉस्पिटल में भर्ती



**चेन्नई,16 मार्च 2025(ए)।** दिग्गज म्यूजिक कंपोजर-सिंगर एआर रहमान को अचानक सीने में तेज दर्द की शिकायत के बाद हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। रहमान को चेन्नई के अपोलो हॉस्पिटल के इमरजेंसी डिपार्टमेंट में एडमिट कराया गया। यहां पर विशेषज्ञ डॉक्टरों की एक टीम उनका इलाज कर रही है।

## अगर बच्चे अपने माता-पिता को अस्पताल में छोड़ते हैं...तो उन्हें ना दी जाए पैरेंट्स की संपत्ति

**बैंगलुरू,16 मार्च 2025 (ए)।** कर्नाटक के मंत्री शरण प्रकाश पाटिल ने रविवार को कहा कि अगर बच्चों ने अपने बुजुर्ग माता-पिता को अस्पतालों में छोड़ दिया है, तो उनकी संपत्ति का हस्तांतरण और वसीयत रद्द कर दी जानी चाहिए। मंत्री ने कहा कि यह समस्या तब सामने आती है जब बुजुर्ग अपनी संपत्ति बच्चों के नाम पर कर देते हैं, और फिर बच्चे उन्हें अस्पतालों में छोड़कर चले जाते हैं।

अधिकारियों के अनुसार, एक गंभीर और अमानवीय घटना सामने आई है, जिसमें कई बुजुर्ग माता-पिताओं को उनके बच्चे सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पतालों में छोड़ आते हैं। यह अक्सर तब होता है जब बुजुर्ग अपनी संपत्ति बच्चों के नाम कर देते हैं।



मंत्री कार्यालय के एक बयान के अनुसार, बेलगावी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में अकेले 150 से ज्यादा बुजुर्गों को छोड़ने के मामले सामने आए हैं, जबकि राज्य के अन्य मेडिकल संस्थानों में 100 से ज्यादा ऐसे ही मामले देखने को मिले हैं।

### मंत्री ने जताई गहरी चिंता

हाल ही में हुई समीक्षा बैठक में बीआईएमएस के निदेशक ने चिकित्सा शिक्षा एवं कौशल विकास मंत्री शरण प्रकाश पाटिल के समक्ष यह मुद्दा उठाया। इस पर मंत्री ने गहरी चिंता व्यक्त की और कहा कि इसे गंभीरता से लिया जाना चाहिए।

### वसीयत को रद्द किया जाए

उन्होंने चिकित्सा शिक्षा निदेशक डॉ. बी.एल. सुजाता राठौड को निर्देश दिया कि वे सभी अस्पतालों और मेडिकल संस्थानों के प्रमुखों को इस बारे में सूचित करें और बच्चों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए सहायक आयुक्तों (राजस्व उप-विभाग) के पास शिकायतें दर्ज कराएं। उन्होंने कहा कि जिन बुजुर्ग माता-पिता ने अपनी संपत्ति या वसीयत अपने बच्चों के नाम पर कर दी है और फिर उन्हें अस्पतालों में छोड़ दिया गया है, उन संपत्तियों और वसीयत को रद्द किया जाना चाहिए।

## केदारनाथ में गैर-हिंदुओं के प्रवेश पर प्रतिबंध की मांग

**केदारनाथ,16 मार्च 2025 (ए)।** केदारनाथ धाम में गैर-हिंदुओं के प्रवेश और गतिविधियों पर प्रतिबंध लगाने को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं. इस संबंध में केदारनाथ की भाजपा विधायक आशा नौटियाल ने जानकारी दी है। विधायक आशा नौटियाल ने कहा कि कुछ गैर-हिंदू तत्व धार्मिक स्थल केदारनाथ धाम की पवित्रता को ठेस पहुंचाने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि ये लोग वहां मांस, मछली और शराब परोसने जैसे कामों में लिप्त हैं, जिससे धाम की गरिमा को नुकसान पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे तत्वों को चिह्नित कर उनके प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने की योजना बनाई जा रही है।





## अमृतसर में मंदिर पर ग्रेनेड हमला मामले में बब्बर खालसा से जुड़े तीन लोग बिहार से गिरफ्तार

**अमृतसर,16 मार्च 2025 (ए)।** पंजाब के अमृतसर में खंडवाला इलाके के ठाकुरद्वारा मंदिर में देर रात ग्रेनेड से हमला मामला में पुलिस ने बब्बर खालसा से जुड़े तीन लोग बिहार से गिरफ्तार किया है। बता दें इस ब्लास्ट में मंदिर की दीवारें, दरवाजे और शीशे बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। घटना के बाद पुलिस ने तुरंत मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की और मंदिर परिसर की सफाई कराई।

## आजमगढ़ में अस्तित्वहीन मदरसों पर बड़ी कार्रवाई

### 219 संचालकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**आजमगढ़ ,16 मार्च 2025 (ए)।** उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ जिले में अस्तित्वहीन और मानक के अनुरूप नहीं पाए गए मदरसों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई शुरू हो गई है। ईओडब्ल्यू (आर्थिक अपराध शाखा) की तहरीर पर जिले के



22 थाना क्षेत्रों में 219 मदरसा संचालकों पर मुकदमे दर्ज किए गए हैं।



CMYK

## संपादकीय

# भारत के सामने नई चुनौतियां

पहले व्यापार एवं शुल्क के बारे में सामान्य समझौते (गैट) और फिर डब्लूटीओ के गठन के लिए हुए समझौते में विकासशील देशों को अधिक शुल्क लगाने की अनुमति दी गई थी। मगर अब वे मनमाने ढंग से टैरिफ लगा रहे हैं।भारत सरकार के सामने नई चुनौतियां आ खड़ी हुई हैं। राष्टपति डॉनल्ड ट्रंप ने अमेरिकी कांग्रेस के संयुक्त सत्र को संबोधित करते हुए फिर से भारत का नाम उन देशों के साथ लिया, जिनके बारे में उनकी राय है कि इन देशों ने अपनी ऊंची शुल्क दर से अमेरिका की नरम नीति का फायदा उठाया है।इन देशों पर उन्होंने अगले दो अप्रैल से जैसे को तैसा' टैक्स लगाने का एलान किया-यानी जो देश जिस दर से अमेरिकी वस्तुओं पर आयात शुल्क लगाता है, अब उसके उत्पादों पर उतना ही शुल्क अमेरिका में लगेगा।चूंकि ट्रंप किसी वर्तमान अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था को नहीं मानते, तो वे यह नहीं बताते कि उन देशों को पुराने अमेरिकी प्रशासनों ने क्यों ऊंची दर से शुल्क लगाने दिया था। हैरतअंगेज है कि भारत सरकार या विपक्ष ने भी अपनी जनता को इस बारे में जागरूक करने का प्रयास नहीं किया है। पहले व्यापार एवं शुल्क के बारे में सामान्य समझौते (गैट) और फिर विश्व व्यापार संगठन (डब्लूटीओ) के गठन के लिए हुए समझौते में विकासशील देशों को अधिक शुल्क लगाने की अनुमति दी गई थी।मकसद न्यायपूर्ण विश्व व्यवस्था बनाना था। मगर ट्रंप ने अपने पहले कार्यकाल में ही डब्लूटीओ में न्यायाधीशों की नियुक्ति रोक कर इस संगठन को निष्क्रिय कर दिया। अब वे मनमाने ढंग से टैरिफ लगा रहे हैं। इससे भारत में फैली घबराहट का अंदाजा इसी से लगता है कि भारत के दवा निर्यातकों ने सरकार से अमेरिकी दवाओं पर आयात शुल्क कर देने की मांग की है, ताकि जैसे को तैसा' टैरिफ के असर से वे बच जाएं। मगर यह फैसला आसान नहीं है।नई अमेरिकी टैरिफ से विभिन्न उत्पाद प्रभावित होंगे, तो क्या सब पर आयात शुल्क शून्य किया जा सकता है? क्या केंद्र देश के व्यापार लाभ को शून्य करने का जोखिम उठाने की स्थिति में है? वैसे चुनौतियां और भी हैं। मसलन, अमेरिकी तकनीकी एवं वित्तीय सेवा कंपनियों ने भारत डिजिटल डेटा संरक्षण अधिनियम के नियमों के तहत डेटा को भारत में ही रखने संबंधी प्रावधान को लागू ना करने की मांग की है। क्या भारत सरकार इसे भी मानेगी?

# नशे में लड़खड़ाती नई युवा पीढ़ी

## होली में दुगनी हुई नशीले पदार्थों की खपत



संजीव ठाकुर
रायपुर छत्तीसगढ़,



देश में इस बार होली के अवसर पर कई गुना लगातार हो रही ड्रग्स की सप्लाई ने देशभर में अपराधों का इजाफा कर दिया है। इस बार होली में लगा कि पूरा युवा वर्ग नशे में लड़खड़ा कर डोल रहा है। होली के अवसर पर युवा बुजुर्ग यहां तक छोटे-छोटे जवान होते बच्चे भी नशे का शिकार हो चुके हैं और होली में शराब गांजा भांग ड्रग्स जैसे खतरनाक नशीले पदार्थों को लेने का जन्म सिद्ध अधिकार समझ उसका भयानक तरीके से सेवन करने लगे हैं। नशीले पदार्थों की इस बार खपत पिछली बार की तुलना में लगभग दुगनी हो गई है। नशीले पदार्थों से हुई अपराधिक गतिविधियों में हुई तेजी शासन,प्रशासन तथा पुलिस के लिए एक गंभीर चुनौती बन गया है। नशीले पदार्थों की अंतरराष्ट्रीय, अंतर राज्यीय तस्करी देश तथा विश्व के लिए एक बड़ा सिरदर्द बनी हुई है। यह चुनौती इसलिए भी है कि पिछले वर्ष में अपराधियों ने सूखे नशे का सेवन कर अपराध की वारदातें की हैं, नशे की लत में आकर अपराधियों में महानगरों मुंबई,कोलकाता,हैदराबाद,दिल्ली, बेंगलुरु,चेन्नई में लगातार बलात्कार, लूट, डकैती,और राहगीरों की हत्या को जन्म दिया है। दूसरी तरफ सूखे नशे की लत में स्कूल और कॉलेज के युवा तथा बच्चे अपना भविष्य खराब करने पर आमादा है। पिछले कुछ माह में मुंबई नारकोटिक्स इकाई ने ताबड़तोड़ छापेमारी कर बड़ी मात्रा में चरस, कोकीन, गांजा, स्मैक की बड़ी तादाद में जप्त कर कई नामचीन अभिनेता, अभिनेत्रियों को गिरफ्तार कर प्रकरण न्यायालय के हवाले किया है। दूसरी तरफ दिल्ली,बेंगलुरु, कोलकाता में भी पुलिस प्रशासन द्वारा सीधे कड़ी कार्रवाई की हैं। वर्तमान में शराब तो सामाजिक बुराई बना ही हुआ है। साथ-साथ सूखा नशा भी समाज के लिए गंभीर चुनौती बना हुआ है, सुखे नशे के मामले में केंद्र के सर्वोच्च नेतृत्व में यानी प्रधानमंत्री ने भी गंभीरता पूर्वक इसे रोकने के लिए चिंता जताई है। देश में न सिर्फ ड्रग्स के नशे का इस्तेमाल किया जा रहा है बल्कि बड़े पैमाने पर इसकी तस्करी कर अवैध कारोबार भी किया जा रहा है। ड्रग्स का नशा सामाजिक विडंबना बना हुआ है। तब देश में नए वर्ष के आगमन के पूर्व बड़े-बड़े आलीशान होटलों मैं सूखे नशे की पार्टियां आयोजित करने की तैयारी कर ली है, ऐसे में पुलिस के केंद्र सरकार के तथा राज्य सरकार के आला अधिकारी इसे रोकने के लिए हर संभव प्रयास की रणनीति बनाने में जुट गए है। और शासन तथा पुलिस प्रशासन अपना पूरा ध्यान सूखे नशे को प्रतिबंधित करने में लगे हुए हैं, मूलतः मुंबई गोवा और पाकिस्तानी सरहद से लगे क्षेत्र और राज्य से सूखे नशे पदार्थों की आवक सभी राज्यों में होती है। निःसंदेह इसे गंभीर षड्यंत्र के रूप में लिया जाना चाहिए। मुंबई सूखे नशे का एक बड़ा केंद्र बन चुका है, सुशांत सिंह राजपूत के आत्महत्या प्रकरण को लेकर जब पुलिस के आला अधिकारी को नशीले पदार्थों रेकेट हाथ लगा तब राज्य तथा केंद्र के कान खड़े हो गए और तब से पूरे देश में ताबड़तोड़ नशे के विरोध में कार्रवाई की जाने लगी और इसी तारतम्य में देश को यह बात समझ में आई कि सूखे नशे की लत में बड़े शहरों के तमाम पूंजीपति नशे के आदी हो चुके परिस्थितियां बहुत गंभीर एवं चुनौतीपूर्ण है, नए वर्ष के आगमन की सेलिब्रेशन तमाम नशीले पदार्थ की सप्लाई करने वाले तस्कर अपनी तैयारी में जुट गए हैं। देश के सभी राज्यों में नशीले पदार्थों के विरोध में केंद्र के निर्देशन पर लगातार कार्रवाई की जा रही है और युवा वर्ग बच्चों को सोशल मीडिया के द्वारा भी इसकी बुराई के संबंध में लगातार अवगत कराया जा रहा है एवं इस बुराई से दूर रहने का आह्वान किया गया है, देश के बड़े-बड़े रिसोर्ट,जंगल के पिकनिक स्पॉट, देश की मुख्य सड़कों के आसपास ढाबों के संचालकों पर भी नजर रखने की योजना को मूर्त रूप दिया जाना है ताकि अपराधों में कमी आ सके,शराब से तो अपराध होते ही हैं पर सूखे नशे से अपराधिक ज्यादा उम्र हिंसक और मस्तिष्क शुन्य हो जाते। ऐसे में अपराध करने में उन्हें कोई हिचक नहीं होती, और इस तरह वे नशे में अपराधिक कृत्य करने से नहीं चूकते। केंद्र तथा राज्य प्रशासन की चिंता इस बात के लिए तो है ही कि इससे अपराध की संख्या में काफी वृद्धि हुई है पर साथ में इसके तस्करों द्वारा की जा रही ड्रग्स की तस्करी पर एक गंभीर चुनौती बनी हुई है। अंतरराष्ट्रीय सीमा से आने वाला ड्रग्स शारीरिक रूप से भी काफी नुकसानदेह होता है अंतरराष्ट्रीय तथा राष्ट्रीय नशीले पदार्थों की तस्करी को रोकने का एक राष्ट्रीय स्तर पर योजना बनाकर उसे रोकने का प्रयास किया जा रहा है, जितने व्यक्ति नशा करके अपराध करने के लिए दोषी हैं। उससे ज्यादा दोषी नशीले पदार्थों के तस्करी करने वाले भी है, तस्कर समूह को चिन्हित कर उस पर बड़ी कार्रवाई करने की देश को गंभीर आवश्यकता है। देश में शराब जहां ग्रामीण क्षेत्रों में एक बड़ी बुराई है उससे ग्रामीण आमजन को आर्थिक नुकसान के साथ-साथ शारीरिक नुकसान भी बहुत बड़ा होता है। इसी के साथ शहरी क्षेत्रों में खासकर बड़े शहरों में सुखा नशा एक बडी सामाजिक बीमारी की तरह अत्यंत गंभीर चुनौती बन गई है, इसे रोकने के हर संभव प्रयास किए जाने चाहिए। तभी इस सामाजिक गंभीर समस्या पर कुछ राहत और निदान मिल सकता है।

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

# थर्ड क्लास शब्द का जन्म कैसे हुआ?



आत्माराम यादव पीव
ग्वालटोली नर्मदापुरम
मध्यप्रदेश

होली के दिन दो परम ज्ञानी मित्रों के मध्य अपने हमउम्र गुरु को लेकर संवाद चल रहा था। वे उनकी जीवन शैली की प्रासंगिकताओं में त्रिसंध्या में किसी जप मंत्र के समय करन्यास प्रक्रिया में उँगलियो के परिचालन की किसी त्रुटि को लेकर उसे थर्ड क्लास आचार्य कह रहे थे, मुझे इन साधकों के बीच अपने योग्य गुरु के समक्ष इस त्रुटि को रखे जाने ओर समाधान तलाशने की बजह उनकी अनुपस्थिति में निरादर स्वरूप उपयोग किए थर्डक्लास ने सम्मोहित कर इस शब्द के प्रति जिज्ञासा उत्पन्न कर इन्हे इनकी उस अनुशासनहीन अभिव्यक्ति के लिए क्षमा कर दिया। क्षमा नहीं भी करू तो कोई आसमान नही टूट पड़ेगा? गुलाम भारत में थर्ड क्लास शब्द की गूंज दक्षिण अफ्रीका से वर्ष 1904 में एक ट्रेन में यात्रा कर रहे मोहनदास करमचंद गांधी को डरबन स्टेशन से जोहान्सबर्ग स्टेशन पर प्रथम क्लास टिकिट से यात्रा के दरम्यान मेरिट्जाबर्ग नामक अंधियारे स्टेशन पर सामान समेत डिब्बे से बाहर फिकवा दिया। तब गोरे अंग्रेजों द्वारा काले भारतीय के साथ भेदभाव को लेकर उसी स्टेशन पर धरना शुरू कर दिया ओर जब सुबह की रोशनी फूटी तो गांधी के जीवन का अँधियारा भी जगमग रोशन हो चुका था ओर वे विश्व में थर्ड कलास समझे जाने वाले उपेक्षित भारतीय मजदूरों ओर बंधकों के मसीहा बन गए। अंतत वहाँ भारतीय के शोषण, प्रताड्ना ओर बंधक रहने पर लंबी लड़ाई लड़कर थर्डकलास के कलंक को मिटाने के बाद विजयी योद्धा के रूप में गुलाम भारत में अंग्रेजों के अत्याचार ओर गुलामी से आजादी दिलाने की लड़ाई में शामिल हो गए। भारत में यह थर्ड क्लास शब्द इन परम ज्ञानी महोदयों अर्थात शिक्षित ओर सम्पन्न वर्ग की आवश्यकता बन गया है ओर देश के सभी बड़े मंदिरों में बड़े पहुँच वाले नेताओं-अधिकारियों ओर पैसेवालों को प्रथम क्लास/ वीआईपी का दर्जा दे इन्हे अगले द्वार से दर्शनों एव पुजापाठ की त्वरित व्यवस्था की गई है जो दर्शन करने आने वाली भीड़ की लाइनों में घंटों इंतजार न कर सीधे प्रवेश करते है। इस भेदभाव ओर शोषण में स्थानीय प्रशासन ओर सरकार तथा मंदिरों के ट्रस्ट-व्यवस्थापक भी बराबर शामिल होने से अधिकांश समाज का वर्ग थर्ड कलास का दर्जा प्राप्त कर घंटो प्रतीक्षा के बाद भगवान के द्वार पर आए तो सुरक्षाकर्मी उसे दर्शन किए बिना भीड़ मत लगाओ कहकर आगे धक्का देकर अपमानित सा करते है ओर वह मन में आक्रोश ओर पीड़ा लिए चुपचाप प्रसाद चढ़ाने को ही अपनी भक्ति की संतुष्टि समझकर तीर्थ करने के गौरव से फूला नहीं समाता है। भारत देश की प्रजा के मुख्य अंग जो गरीब है, शिक्षित बेरोजगार है, युवा है,सभी अपनी योग्यता ओर अनुभव का लाभ देकर रोजगार पाना चाहते है, सरकारे देश के इन युवाओं के यह सब देने में असफल है जिससे ये सभी हताशा में जीते हुए रोजगार की प्रतीक्षा में सरकारी उम्र की निर्धारित सीमा निकलने पर अयोग्य होकर फिर पूरा जीवन थर्ड क्लास बनकर ही जीने को विवश होते है। सरकार इन सभी निराश-हताश को थर्ड क्लास बनाए रख अपना वोट बैंक समझ इन्हे गरीब मजदूर बनाए रखने की जिम्मेदार है वही वोट के लिए पैसा, शराब ओर प्रलोभन देकर नेता अपनी जीत ओर पार्टी सरकार बनाए इसमें सफल होते है । शेष क्लास के लोग तो पार्टियों ओर सरकार का गणित खराब करते है। उसे प्रथम या द्वितीय क्लास होने की फिकर ही नहीं है।

सरकार ने भी थर्डक्लास को मान्यता देकर उसे गरीबी की रेखा के नीचे रखकर उसके नाम पर अनेक मुफ्त की योजनाए शुरू कर लाभ दे रखा है इससे ये अकल के अंधे खुद को थर्डकलास बनाए रखने में शर्म करने की बजाय मुफ्तखोरी की आदत से गौरवशाली मानते है,मजे की बात यह है की इस मुफ्तखोरी में अनेक सम्पन्न ओर धनधान्य भरे परिवार भी गुनहगार बनकर शामिल होकर गरीबी रेखा के नीचे रह थर्ड क्लास बने रहने में अपना सम्मान समझते है, ओर नेताओ के बदौलत वे सफल होते है,जिनसे आज तक कोई रिकवरी नही हुई ओर न ही इनपर मामले दर्द हुये, इसलिए ये सम्पन्न थर्ड कलास पर हुक्म चलाते हुये थर्डकलास बन खतरी ओढ़ घी पी रहे है। थर्ड कलास ने रोना सीख लिया है जब भी सरकार उसेक द्वार आए वह खूब रोता है ओर सरकार उस पर तरस खाकर उसपर मेहरवान हो जाये तो दूसरे कलास के लोग थर्ड कलास के भाग्य देख खुद उसमें शामिल होने के लिए पछताते देखे गए है, किन्तु यह सोचने के लिए कोई तैयार नहीं की जीवन में स्वाभिमान ओर स्वतन्त्रता भी जरूरी है अगर यह दोनों का भाव की चिंगारी सुलग जाये तो अपने अधिकारों के लिए लड़कर हरेक थर्डकलास बगावत कर उठेगा ओर वास्तव में वह जो होने के लिए जन्मा है वह उस लक्ष्य को पाकर अपने जीवन की पूर्णता को उपलब्ध हो सकेगा।

जगतपिता ने किसी में भेदभाव नहीं किया ओर न ही ही किसी को थर्ड क्लास का दर्जा देकर पैदा किया है, यह सब भेदभाव सरकारों ने ओर समाज ने किए है। परमात्मा ने सारी सृष्टि बनाकर सौप दी, उसने जीवन के अनमोल साँसों की कीमत नहीं लगाई, जल, वायु, आकाश ओर भूमि का कोई मूल्य नहीं लगाया, यह सब व्यवस्था देश ने ओर सरकार ने की है। परमात्मा ने जीवन को नौ रसों की सृष्टि से सिंचित किया है ताकि जीवन में सदैव निरालापन रहे। लोगों में खुशी हो, रंज हो, हंसी हो, रुलाई हो, प्यार हो, नफरत हो वीरता हो, कायरपन हो, यह सब अजीबो-गरीब भाव भंगिमाए देकर परमात्मा ने हरियाली की चादर लिए पृथ्वी एक से एक मणि माणिक्य ओर हीरे जवाहरातों ओर सोने चांदी की खदानों से पूर्ण सौपी है। भारत गुलाम था मोहनदास गांधी गुलामी से मुक्त कराने आए, आजादी मिली पहली बार थर्डकलास मुस्लिम लीग के साथी मिले जिन्होने आजादी को टुकड़ों में लेने की शर्त भी स्वीकार कर अपना पृथक देश बनाकर अपनी थर्ड कलास सोच ओर नीयत को इस देश में छोड़ गया। उनकी यह अजीबो-गरीब शर्त जिसमें देश विभाजित हुये, सच में इसनिम्न विचार का नाम थर्ड कलास होना चाहिए था किन्तु क्या कीजिएगा उस थर्ड कलास सोच ने ट्रेनों से भरकर उपहार में हजारों लोगों की लाशे भेजी, भीभत्स कृत्यों से देश को शर्मसार किया। उन पौध ने ही आज देश में लाखों को कायर बनाकर हर तरह का अपमान सहने को मजबूर किया है, आज देश में भयानकता है, उसमें शांति है। उसमें हर एक रस है, हर एक रूप है, हर एक रंग है। जिससे हमें मुक्त होना है, जो हमारे लिए अभिशाप है वह है थर्ड क्लास जो प्रथम श्रेणि के दर्जा होते हुये मिली, ओर दूसरी बार खुदा की खुदाई का मास्टरपीस देश ने अपने थर्ड क्लास आचरण से दी है।

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

# वह स्वप्न अब साकार होने को है...



प्रमोद दीक्षित मलय
बांदा, उत्तरप्रदेश

मित्रो ! यह संस्मरण आलेख अपनी बनावट और बुनावट से बिलकुल अलग स्वाद सहेजे है। यह एक आत्मकथात्मक संस्मरण है। जागती आंखों से देखे गये एक स्वप्न की अतीत गाथा है जो अब साकार होने को है। हुआ यह कि विद्यालयीय शिक्षा और बीटीसी प्रशिक्षण प्राप्त कर मैं मार्च 1998 में उत्तर प्रदेश की बेसिक शिक्षा में सहायक अध्यापक पद पर नियुक्त हो कार्य करने लगा था। विद्यार्थी काल से ही प्राथमिक विद्यालय में शिक्षक बनना चाहता था, तो यह पद पाकर खुशी स्वाभाविक थी। पर जैसा सोचा था विद्यालय वैसा न था। टूटी चारदीवारी, मेन गेट का एक पल्ला गायब, परिसर झाड़-झंखाड़ और उड़ती धूल।पहले दिन से ही अनाकर्षक संसाधन हीन विद्यालय की चुनौतियां मुंह बाये सामने खड़ी थीं। मां-पिता ने बाधाओं से लड़ने और संघर्ष करते आगे बढ़ने का जिजीविषा-भाव बालपन में ही घुट्टी में पिला दिया था तो चुनौतियों से जूझता रहा, जीतता रहा। नानाविध संकटों और झंझावातों से जूझते कमोबेश ऐसे ही तीन विद्यालयों में काम करते 14 वर्ष पंख लगाकर उड़ गये और मई 2011 में सह-समन्वयक हिंदी भाषा पद पर बीआरसी नरैनी (बांदा) में प्रतिनियुक्ति पर आया। काम करने का बड़ा अवसर, शैक्षिक फलक पर रंग भरने को उपलब्ध हुआ विशाल कैनवास। विचार किया कि कुछ अलग हटकर नया किया जाये। अनुभव ने राह दिखाई, विद्यार्थियों, शिक्षकों और समुदाय के बीच बढ़ रही मानसिक दूरी एवं अलगाव को प्रेम, स्नेह एवं आत्मीयता के लेप से भरा जाये। विद्यालयों की बेहतरी के लिए शिक्षक और समुदाय का एक धरातल पर बैठना और संवाद करना आवश्यक था। विद्यालयों के प्रति समाज में उपजे रूखे, नीरस, बेजान खुरदुरे भाव में मधुरता एवं समरसता के मृदुल नवनीत का लेपन कर पारस्परिक सम्बंधों में स्निग्धता एवं मिठास की बेल उगानी थी। शिक्षक रामकिशोर पांडेय जी के साथ कार्य योजना तैयार की और नवम्बर 2012 में शैक्षिक संवाद मंच की स्थापना की, जिसका उद्देश्य है विद्यालयों को आनंदघर बनाना। सच कहूं तो तभी मेरे शिक्षक बनने से शिक्षक होने की प्रक्रिया भी आरम्भ हुई थी। मंच के प्रयासों से शिक्षकों के साथ मासिक बैठकें कर विद्यालयों को आनंदघर के रूप में बदलाव की यात्रा शुरू हुई। समुदाय का सहयोग मिला तो विद्यालय महकने लगे, विद्यालयीय परिसर एवं कक्षाओं में शिक्षक-बालमैत्री के सुरभित सुमन खिले और बच्चों के चेहरों पर खुशियों के इंद्रधनुष उग उठे। दीपोत्सव, नाग पंचमी, वृक्ष-रक्षाबंधन, मकर संक्रांति, होली मिलन सहित अन्यान्य उत्सव समुदाय के साथ मिलकर विद्यालयों में मनाना आरम्भ हुआ। परिणाम दिलों में उगी अविश्वास की खरपतवार सूख गयी और परस्पर विश्वास, बंधुत्व एवं अपनेपन का वृंदावन उग आया। शिक्षकों के छोटे समूह के साथ मंच की यह उपलब्धि और खुशियों भरी यात्रा शिक्षा-पथ पर गतिमान थी। शैक्षिक संवाद मंच का विद्यालयों को आदर्श एवं आनंदमय बना संस्कार, सहकार, सह-अस्तित्व, समता, समरसता, सख्यभाव के पावन परिवेश में विद्यालय की चारदीवारी से बाहर निकल समुदायिक सम्पर्क कर ग्राम सुरक्षा, स्वावलम्बन, संतुष्टि एवं स्वदेशी के प्रति लोकजीवन में स्वीकृति एवं बोध का पारायण प्रारम्भ हुआ, यह मंच के उद्देश्यों एवं कार्यों का एक पक्ष है। मंच का दूसरा एक महत्वपूर्ण कार्य है शिक्षकों में पढ़ने-लिखने की संस्कृति का विकास करना। पढ़ने-लिखने के अंतर्गत शैक्षिक पुस्तकों पर मासिक पुस्तक-संवाद का आयोजन किया और हिंदी साहित्य की यथा सम्भव विधाओं पर शिक्षकों को प्रशिक्षण दिलाकर लेखन करा रचनाओं का पुस्तकाकार प्रकाशन किया। अभी तक एक दर्जन से अधिक पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं। सभी पुस्तकें एक से बढ़कर एक हैं। यथा - पहला दिन, हाशिए पर धूप, कोरोना काल में कविता, प्रकृति के आँगन में, राष्ट साधना के पथिक, क्रांतिपथ के राही, स्मृतियों की धूप-छाँव, यात्री हुए हम, विद्यालय में एक दिन, मंदाकिनी के तट पर, नदी के तट पर तथा नदी बहने लगी है आदिक संग्रह चर्चित हुए, सराहे गये। मुझे यह कहते हुए बहुत खुशी हो रही है कि रचनाकारों ने बहुत भावपूर्ण मार्मिक रचनाएं लिखीं। इन पुस्तकों को पढ़कर कहीं से भी नहीं लगता कि ये बेसिक शिक्षक-शिक्षिकाओं का शौकिया लेखन है, यही प्रतीत होता है कि जैसे कोई पेशेवर लेखक ने लिखा हो। यह सच है, लेखन हम शिक्षकों का मुख्य काम नहीं है। शौक या रुचिवश हम सभी मन के भाव व्यक्त करते हैं। इन पुस्तकों में से अधिकांश पुस्तकों का संपादन कार्य करते हुए सम्बंधित विधाओं को समझने-सीखने का अवसर मुझे मिला और संपादकीय दृष्टि विकसित हुई। हालांकि यह कार्य करते हुए मेरा व्यक्तिगत लेखन कर्म अत्यधिक प्रभावित हुआ। किंतु, मेरी बेसिक रचनाकारों के प्रति आत्मीयता इतनी गहरी होती गई कि साहित्यकार मित्रों द्वारा संपादन कार्य छोड़ने के सुझाव के बावजूद इस काम को छोड़ना तो दूर, मैं और अधिक डूबता-जुड़ता चला गया। कुछ वर्ष पूर्व एक स्वप्न देखा था कि बेसिक शिक्षकों का विविध विधाओं की रचनाओं को सहेजे एक विशाल ग्रंथ तैयार करूं, पर तमाम कोशिशों के बावजूद वह साकार नहीं हो पाया। वह स्वप्न मुझे कुरेदता, उत्साहित करता पर मैं कुछ कर नहीं पा रहा था और अब तो थक-हार कर भूल ही बैठा था


कहते हैं, नियति हमारा रास्ता तय करती है कि हमें किधर जाना है, आगे क्या करना है। गतवर्ष आंखों की परेशानी हुई और स्वास्थ्य में भी ऊपर-नीचे होता रहा। फलतः 2024 जाते-जाते नियति ने मुझसे सब कार्य छुड़वा दिया। शैक्षिक संवाद मंच के संचालन का दायित्व दुर्गेश्वर राय जी के सुयोग्य हाथों में सौंपकर शायद अक्टूबर या नवम्बर में मंच से हमेशा के लिए मुक्त हो गया। मैं इसी बीच अंतर्प्रेरणा से सपत्नीक महाकुंभ प्रयागराज में कल्पवास कर आया। कल्पवास ने मेरे जीवन में बहुत बदलाव किया, जीवन को नई दिशा दी, विचार-दृष्टि दी। अब आध्यात्मिक जीवन में प्रवेश करने-जीने की उत्कंठा बलवती होती रही। मैं नयी यात्रा के लिए बहुत उत्साहित एवं आनंदित हूं। होली के अवसर पर 13 मार्च की सुबह %होली – गांव और बाजार के रिश्ते% पर एक लेख लिखना आरम्भ ही किया था कि बार-बार देखा गया वह स्वप्न अनायास मानस पटल पर पुनः कौंधा। लेख टाईप करना रुक गया। हां, इस स्वप्न ने मुझे चैन से सोने नहीं दिया था। पर तमाम कोशिश करने के बावजूद काम नहीं कर पाया। किंतु बीज कभी मरता नहीं, तो यह स्वप्न बीज भी अंतर्मन के किसी कोने में जीवित-जाग्रत रहा। इधर मैं अपने जीवन के नवल यात्रा पथ पर बढ़ने को स्वयं को तैयार कर रहा था कि नियति ने वह स्वप्न सम्मुख उपस्थित कर दिया। मन ने झटक दिया, बुद्धि ने प्रलोभन दिया कि बस यह स्वप्न पूर्ण कर लो। शायद नियति का खेल ही था कि लेख अधूरा छोड़ रचनाकारों से सम्पर्क कार्य में तुरंत लग गया। मुझे बहुत खुशी हुई कि दो दिन की मेहनत से दो सौ से अधिक शिक्षक-शिक्षिका रचनाकार जुड़ गये। अन्यथा पहले ऐसा कभी नहीं हुआ था। मैं स्वयं में आश्चर्यचकित हो रहा हूं कि यह सब कैसे हुआ जा रहा है। रचनाकार साथी लगातार जुड़ते जा रहे हैं। अब विश्वास दृढ हो गया कि नियति मुझे इस विशेष कार्य का निमित्त बना रही है। कुछ वर्ष पूर्व देखा गया वह स्वप्न कि बेसिक रचनाकार शिक्षक-शिक्षिकाओं का विविध विधाओं पर आधृत एक विशाल ग्रंथ बेसिक शिक्षा के साहित्य साधक तैयार हो जो शोधार्थियों के लिए संदर्भ ग्रंथ की तरह हो, बेसिक रचनाकारों का कोश बने, अब साकार होने की दिशा में बढ़ने लगा है। न जाने क्यों, मुझे अंदर से ऐसा लग रहा है कि यह बहुत महत्वपूर्ण मानक कार्य मील का पत्थर सिद्ध होने वाला है। मैं तो बस गिलहरी की भांति अपनी भूमिका का सम्यक् निर्वहन् कर रहा हूं। इस कार्य का सम्पूर्ण श्रेय सहभागी रचनाकारों को जाने वाला है। तो कुल मिलाकर स्थितियां अनुकूल और सुखद हैं। ईशकृपा से यह कार्य सकुशल सम्पन्न होगा। पाठकों को सुख और रचनाकारों को लोक में यश प्राप्त हो, यही शुभकामना है।



## कविता
## सजनी के संग रंग



घटती-घटना
कार्तिकेय कुमार
गांधीनगर,इंदौर, मध्यप्रदेश



रंग चढ़ाएं,भंग चढ़ाएं,
भोले भी तब खुश हो जाएं,
मनभावन है होली आई,
जमकर फिर हम धूम मचाएं।
रंग चढ़ा दे ..
भिन्न-भिन्न फूलों के रस से,
सतरंगी रंग घोलें जाएं,
जब-भी बोलें बम-बम भोले,
भोले मंद-मंद मुस्काएं।
रंग चढ़ा दे ....
ब्रज से आए हैं कान्हा भी,
संग राधा को लाए हैं,
देख के भोले भी गौरी को,
अपनें संग ले आए हैं।
रंग चढ़ा दे ...
हल्ला सुन कर अवधपुरी से,
राम सिया संग हैं आए ,
देख-देख के जन मन सारे,
भरभर कर रंग हैं लाए ।
रंग चढ़ा दे ...
भरकर रंगों की गगरी हम,
सजनी के संग आए हैं,
ढोल-ढोल रंग इन जोडों पर ,
मन भर कर हर्षाए हैं।
रंग चढ़ा दे ...

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा। -सम्पादक

# मतदाताओं को धमकाकर भाजपा जीता है नगरीय निकाय चुनाव:भूपेश बघेल

-संवाददाता-
**अम्बिकापुर,16 मार्च 2025 (घटती-घटना)।** कुनकुरी नगर पंचायत के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए जाते हुए छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज अल्प प्रवास पर अम्बिकापुर पहुंचे और पार्टी कार्यकर्ताओं से सौजन्य मुलाकात किया। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ के मौजूदा मुख्यमंत्री के गृहनगर से नगर पंचायत का चुनाव कांग्रेस ने जीता है। 17 मार्च को वहाँ नवनिर्वाचित नगर पंचायत अध्यक्ष और पार्षदों के शपथ ग्रहण समारोह है। इस दौरान उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री को नाममात्र का मुख्यमंत्री बतलाया और कहा कि उन्हें वही अदृश्य शक्ति संचालित कर रही है जिसने उनके शपथ ग्रहण के पूर्व हसदेव के जंगलों को कटवाया था। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता को यह धमकाकर कि भाजपा को वोट नहीं दिया तो महतारी वंदना योजना की सूचि से नाम काट लिया जायेगा, भाजपा ने नागरीय निकाय चुनाव जीता है। उन्होंने कहा कि 30 तारीख को प्रधानमंत्री 20000 मेगावाट के पवार प्लांट के स्थापना के सिलसिले में छत्तीसगढ़ के दौरे पर आ रहे हैं। 20 हजार मेगावाट के इस पवार प्रोजेक्ट को उन्होंने छत्तीसगढ़ के किसानों और यहाँ के पर्यावरण पर गंभीर खतरा बताया है। उन्होंने कहा है कि इन प्रोजेक्ट के लिए कोयले की जरूरत होगी, जिसके लिए प्रदेश के वनभूमि से पेडों की कटाई कर जंगलों को उजड़ा जायेगा। किसानों के हिस्से का पानी इन पवार प्लांट को दिया जायेगा। प्रदेश के तापमान में वृद्धि होगी। छत्तीसगढ़ के फेफड़ों में इन पवार प्लांट के द्वारा उगला गया धुँआ और फ्लाई ऐश मिलेगा और अदृश्य शक्तियां मुनाफा कमाएंगी। कार्यकर्ताओं के साथ संवाद में उन्होंने कहा कि मौजूदा भाजपा सरकार अलोकप्रिय हो चुकी है। सरकार के द्वारा चलाये जा रहे दमनतंत्र से घबराने की आवश्यकता नहीं है। इस दौरान पूर्व केबिनेट मंत्री अमरजीत भगत, 20 सूत्रीय कार्यक्रम के पूर्व अध्यक्ष श्री अजय अग्रवाल, पूर्व महापौर डॉ अजय तिर्की,पीसीसी महामंत्री द्वितेंद्र मिश्रा, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष हेमंत सिन्हा और सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।





## आपस में भिड़े कांग्रेसी कार्यकर्ता

पूर्व मुख्यमंत्री के पहुंचने से पूर्व उनका स्वागत के लिए काफी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ता गांधीचौक पर मौजूद थे। पूर्व मुख्यमंत्री के पहुंचने से कांग्रेसी कार्यकर्ता शहर के गांधी चौक पर आपस में भीड़ गए। दो गुटों के बीच जमकर लात-गुस्से चले। सभी पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के स्वागत के लिए खड़े थे। आपस में मारपीट का वीडिया सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

# शराब के नशे में थाना परिसर में महिलाओं का हाई वोल्टेज ड्रामा,वीडियो वायरल



-संवाददाता-
**अम्बिकापुर,16 मार्च 2025 (घटती-घटना)।** अंबिकापुर होली के जश्न के बीच बीती रात अंबिकापुर के डीसी रोड स्थित महिला थाना और अजाक थाना परिसर में शराब के नशे में महिलाओं ने जमकर हंगामा किया। इस दौरान महिलाओं ने दावा किया कि वे वहां भूत भगाने आई हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, शराब के नशे में चूर महिलाओं ने थाने में घुसकर शोर-शराबा मचाना शुरू कर दिया। स्थिति बिगड़ते देख महिला थाना के पुलिसकर्मियों ने थाने का गेट बंद कर ताला लगा दिया। पुलिस ने ऑटो में बैठाकर घर भेजा थाने में हंगामे की सूचना मिलते ही पुलिसकर्मी हरकत में आए और महिलाओं को शांत कराने की कोशिश की। हालांकि, वे लगातार नशे में बहकती रहीं और अजीबोगरीब हरकतें करने लगीं। इसके बाद पुलिस ने महिलाओं को ऑटो में बैठाकर घर भेज दिया। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल, होली के जश्न में बिगड़ी स्थिति इस पूरे हाई वोल्टेज ड्रामे का वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में महिलाएं थाने के भीतर हंगामा करते हुए नजर आ रही हैं। बताया जा रहा है कि होली के अवसर पर महिलाओं ने शराब का सेवन किया था, जिसके बाद वे महिला थाना और अजाक थाना पहुंच गईं। पुलिस प्रशासन अब इस मामले की जांच कर रहा है कि आखिरकार ये महिलाएं वहां क्यों पहुंची और उन्होंने इस तरह का बर्ताव क्यों किया।

# अन्नप्राशन कार्यक्रम के बीच चोरी की वारदात,दो आरोपी गिरफ्तार

-संवाददाता-
**अम्बिकापुर,16 मार्च 2025 (घटती-घटना)।** अन्नप्राशन कार्यक्रम के दौरान दो युवक घुसकर चोरी की वारदात को अंजाम दिए हैं। चोरों ने 38 हजार नकदी व सोने चांदी का जेवरात पार कर दिया था। रिपोर्ट पर गांधीनगर पुलिस ने दो आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।



पुलिस के अनुसार विश्वनन्द जायसवाल गांधीनगर थाना क्षेत्र के पटेलपारा का रहने वाला है। 10 मार्च को इसके घर में अन्नप्राशन का कार्यक्रम था। कार्यक्रम में काफी संख्या में रिश्तेदार व परिचित आए हुए थे। सभी लोग घर के बाहर पंडाल में खना खा रहे थे। कुछ देर बाद घर वाले ऊपर के कमरे में गए तो अलमारी खुला हुआ था और उसमें रखा कान का झूमका, चांदी का चम्मच, कटोरी, 15 सोने का छुछिया, नगदी 38 हजार रुपये एवं मोबाइल नहीं थे। कुल चोरी लगभग 70 हजार रुपए की बताई जा रही है। विश्वनन्द अपने घर में सीसीटीवी कैमरा लगा रखा है। घटना के बाद वह सीसीटीवी कैमरा चेक किया तो दो अज्ञात युवक कार्यक्रम के दौरान ऊपर के कमरे में जाते दिखे। कुछ देर बाद दोनों युवक हाथ में थैला लेकर निकलते कैद हुए थे। विश्वनन्द ने मामले की रिपोर्ट गांधीनगर थाना में दर्ज कराई थी। पीड़ित की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना कर रही थी। विवेचना के दौरान सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने विवेक प्रजापति पिता मनोज प्रजापति उम्र 20 वर्ष निवासी नवापारा लक्ष्मी कन्या हॉस्टल के पास थाना गांधीनगर व अनुराग पटेल पिता स्व. आत्माराम पटेल उम्र 20 वर्ष निवासी वसुंधरा बिहार गोधनपुर थाना गांधीनगर को गिरफ्तार किया है। ये दोनों आरोपी अपने एक अन्य साथी के साथ घटना को अंजाम देने की बात बताई है। तीनों कार्यक्रम में शामिल होने आने का साजिश रचकर पहुंच थे और वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने इनके कब्जे से चोरी 1 नग चांदी का कटोरी, 1 नग चांदी का चम्मच, 1 नग कान का सोने का बाली, 4 नग चांदी का बिछिया, 1 नग मोबाइल बरामद किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। वहीं पुलिस मामले में एक अन्य आरोपी की तलाश कर रही है।



## ऊंची पानी टंकी पर चढ़कर लोग बना रहे रील्स

-संवाददाता-
**अम्बिकापुर,16 मार्च 2025 (घटती-घटना)।** रील्स बनाने के चक्कर में लोग अपनी जान का भी परवाह नहीं कर रहे हैं। लोग अपनी जान को हथेली पर रखकर रील्स बना रहे हैं। एक ऐसा ही वीडिया सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जो अंबिकापुर का है। एक बहुत ऊंची पानी टंकी पर चढ़कर कुछ लोग रील्स बना रहे हैं।

# होली की रात पोते ने दादा को उतारा मौत के घाट


-संवाददाता-
**अम्बिकापुर,16 मार्च 2025 (घटती-घटना)।** होली की रात नशे में धुत पाते ने मामूली सी बात पर गुस्से में आकर वृद्ध दादा को ईंट से सिर कुचलकर हत्या कर दी। मामला लुण्ड्रा थाना क्षेत्र के ग्राम नागम की है। मामले में लुण्ड्रा पुलिस ने आरोपी पोते को गिरफ्तार कर जेल दाखिल कर दिया है।



जानकारी के अनुसार लटीराम उम्र 61 वर्ष ग्राम नागम थाना लुण्ड्रा का रहने वाला है। वह अपने पोता दिनेश राम के साथ रहता था। होली के दिन 14 मार्च की रात करीब 9 बजे दिनेश शराब के नशे में धुत होकर घर आया। इस दौरान दादा लटीराम बैल क्यों नहीं बांधे हो इस बात को लेकर पोते को डांटने लगा। पोता बोला की बैल बांध दिया हूं तुम सो जाओ हल्ला मत करो। इस बाद पर दादा ने दिनेश को मार दिया। दादा को मारना उसे अच्छा नहीं लगा और गुस्से में आकर वह घर के पास रखे ईंटा से लटीराम के चेहरा, दोनों कनपटी, सिर में कई बार हमला कर दिया। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मारपीट किए जाने की आवाज सुनकर लटीराम के पड़ोसी हुमेश्वर उसके घर पहुंचा तो लटीराम मृत अवस्था में आंगन में पड़ा हुआ था और घटनास्थल पर खून के निशान थे। वह घटना की जानकारी लुण्ड्रा पुलिस को दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच की। पड़ोसी हुमेश्वर की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 103(1) के तहत रिपोर्ट दर्जकर आरोपी दिनेश नागेश उम्र 33 को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त ईंट को भी जब्त किया है।

# शराबी रिक्शा चालक का हंगामा,ट्रैफिक पुलिस ने संभाली स्थिति

-संवाददाता-
**अम्बिकापुर,16 मार्च 2025 (घटती-घटना)।** अंबिकापुर के गांधी चौक पर सोमवार को शराब के नशे में धुत एक रिक्शा चालक ने बीच सड़क पर हाई वोल्टेज ड्रामा किया। ट्रैफिक सिग्नल के बीचों-बीच रिक्शा छोड़कर वह सड़क पर लेट गया, जिससे चौक पर अफरा-तफरी मच गई।



घटना के समय चौक पर तैनात ट्रैफिक पुलिस कर्मी ने तुरंत मौके पर पहुंचकर स्थिति संभाली। शराबी रिक्शा चालक को काफी समझाइश देने के बाद सड़क से हटाकर किनारे किया गया, जिससे यातायात व्यवस्था फिर से सुचारू हो सकी। गनीमत रही कि इस दौरान कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। मौके पर मौजूद लोगों ने पुलिस की त्वरित कार्रवाई की सराहना की।

# उदयपुर मंडल में पहली बार विधायक ने कराया होली मिलन समारोह

## हजारों की संख्या में पहुंचे ग्रामीण एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर प्रेम कर दिया संदेश

-संवाददाता-
**उदयपुर,16 मार्च 2025 (घटती-घटना)।** अंबिकापुर विधानसभा के उदयपुर मंडल में विधायक राजेश अग्रवाल ने होली मिलन समारोह का आयोजन किया। इस समारोह में क्षेत्र के हजारों लोग शामिल होकर एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर प्रेम का संदेश दिया।

विधायक राजेश अग्रवाल ने लोगों के बीच प्रेम सौहार्द बनाए रखने के लिए अपील किया और सबसे पहले अंबिकापुर व अपने निज निवास लखनपुर में होली मिलन आयोजित किया। होली त्योहार तीसरे दिन उदयपुर के रेस्ट हाउस में भव्य होली मिलन का आयोजन किया गया। यहां विधायक राजेश अग्रवाल ने पंडाल के नीचे बैठ कर लोगों से मुलाकात किया इस दौरान हजारों की संख्या में पहुंचकर लोग विधायक सहित एक दूसरे को रंग लगाकर गले मिलते हुए एक दूसरे को बधाइयां दी।

स्थानीय कार्यकर्ताओं ने होली उत्सव को बेहतरीन बनाने के लिए सुगा,करमा, शैला नृतकों ने अपने नृत्य में विधायक राजेश अग्रवाल को भी खूब नचाया इस दौरान सैकड़ो की संख्या में पहुंचे कार्यकर्ता भी इस पाल झूम उठे।

अब तक के इतिहास में विधायक के द्वारा उदयपुर में होली मिलन समारोह का आयोजन पहली बार हुआ। इससे उत्साहित होकर सवेरे 11 बजे से देर शाम तक लोग पहुंचते रहे और एक दूसरे को रंग लगाकर बधाइयां देते रहे। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ता ग्रामीण एवं कर्मचारी अधिकारी भी होली मिलन समारोह में शामिल हुए।

उदयपुर रेस्ट हाउस में होली मिलन समारोह पर सत्ता पक्ष के साथ विपक्ष के नेता भी दिखे जिन सबके बीच प्रेम का संदेश देखने को मिली वहीं हर्षो उल्लास से होली का त्यौहार मनाया गया।

### डीजे साउंड की होली गीतों में थिरके

एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर लोग डीजे साउंड में अमिताभ बच्चन की रंग भर दे गीतों के साथ अन्य गानों में लोग खूब नाचे और स्थानीय स्थानीय कलाकारों ने होली के छत्तीसगढ़ी गीतों में लोगों को खूब नचाया वहीं मौजूद ग्रामीणों ने इसका खूब आनंद उठाया। होली के रंग में रंग ग्रामीण नाचते दौरान विभिन्न प्रकार रंगों को उड़ाकर होली के उत्सव को मनाया।






# होली के दिन तेज रफ्तार स्कूटी व बाइक में भिड़ंत,दो युवक की मौत,दो की स्थिति गंभीर

-संवाददाता-
**अम्बिकापुर,16 मार्च 2025 (घटती-घटना)।** अंबिकापुर-बनारस मुख्य मार्ग पर साईं कॉलेज के पास होली के दिन शुक्रवार की दोपहर तेज रफ्तार बाइक और स्कूटी के बीच भिड़ंत हो गई। हादसे में चार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया। यहां जांच के दौरान चिकित्सकों ने दो युवक को मृत घोषित कर दिया। जबकि दो युवकों का इलाज चल रह है। सभी होली खेलने निकले थे।



जानकारी के अनुसार अंकित कुमार यादव पिता अरूण यादव उम्र 22 वर्ष गांधीनगर वार्ड क्रमांक 3 का रहने वाला था। वह होली के दिन शुक्रवार को अपने दोस्त अंकित पुरी के साथ स्कूटी से होली खेलने जा रहा था। रास्ते में बनारस मार्ग पर बाइक सवार बृजेश रजक से भिड़ंत हो गई। बृजेश भी अपने चचेरे भाई पीयुष रजक से साथ होली खेलने जा रहा था। हादसे में चारों युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गए। सभी को डायल 11 की मदद से इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया। यहां जांच के दौरान चिकित्सकों ने अंकित कुमार यादव व बृजेश रजक उम्र 22 वर्ष निवासी तुर्रापानी को मृत घोषित कर दिया। जबकि अंकित पुरी व पीयुष का इलाज चल रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार होली के दिन चौक चौराहों पर पुलिस की तैनाती थी। वहीं स्कूटी सवार युवक पुलिस से बचने के चक्कर में तेज रफ्तार में भाग रहे थे। इस बीच सामने से आ रहे बाइक से भिड़ंत हो गई। भिड़ंत इजनी जबरदस्त थी कि दोनों वाहनों के परखच्चे उड़ गए।

## मानसिक रूप से अस्वस्थ्य महिला का जंगल में मिला सड़ा गला शव

-संवाददाता-
**बलरामपुर,16 मार्च 2025 (घटती-घटना)।** बलरामपुर जिले के शिवपुर गांव से लापता एक मानसिक रूप से अस्वस्थ महिला का शव रेवतपुर के जंगल में घर से करीब 5 किलोमीटर दूर मिला। शव क्षत-विक्षत हालत में था, जिससे इलाके में सनसनी फैल गई।फॉरेंसिक की टीम मौके पर पहुंच मृत्यु के कारणों की हर एंगल से जांच कर रही है। महिला के शव को पोस्ट मार्टम के पश्चात परिजनों को सुपुर्द किया गया। थाना प्रभारी कुमार चंदन सिंह ने बताया कि मानसिक रूप से अस्वस्थ्य महिला सुषमा देवी पिता मुन्नीलाल (50वर्ष) ग्राम शिवपुर से 7 मार्च को घर से निकली थी जिसके बाद वह वापस नहीं लौटी थी, परिजन उसकी तलाश कर रहे थे। मृतिका पिछले 2-3 वर्षों से मानसिक रूप से अस्वस्थ थीं और उनका इलाज भी चल रहा था। 15 मार्च को जंगल में शव मिलने की सूचना पर थाना प्रभारी कुमार चंदन सिंह अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे थे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए राजपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के शवगृह में रखवाया था।



16 मार्च को फॉरेंसिक के डायरेक्टर कुलदीप कुजूर के साथ उनकी टीम और राजपुर थाना प्रभारी कुमार चन्दन सिंह के साथ पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। पोस्टमार्टम के पश्चात शव को परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया है। फॉरेंसिक की टीम मौत के कारणों की अलग अलग एंगल से जांच कर रही है।

# स्पेस स्टेशन पहुंची क्रू-10 टीम

## धरती पर लौटेंगे सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर,डांस और मस्ती में दिखीं सुनीता



**न्यूयॉर्क,16 मार्च2025।** क्रू-10 की टीम इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पहुंच चुकी है, सुनीता और बुच बहुत जल्द धरती पर वापस लौटेंगे। सुनीता और बुच को वापस लाने वाले नासा-स्पेश एक्स के इस मिशन को क्रू-10 नाम दिया गया है, जिसमें कुल 4 एस्ट्रॉनॉट शामिल हैं। मिशन क्रू-10 टीम के जो सदस्य आईएसएस पहुंचे हैं, उनमें नासा की ऐनी मैकक्लेन और निकोल एयर्स, जापान एयरोस्पेस एक्सप्लोरेशन एजेंसी के ताकुया ओनिशी और रोस्कोस्मोस के अंतरिक्ष यात्री किरिल पेस्कोव शामिल हैं। क्रू-10 के सदस्य डॉकिंग के बाद सुनीता विलियम्स और बुच विल्मर से मिले, इस दौरान सुनीता और विल्मर के चेहरे की खुशी साफ नजर आई। वह साथी अंतरिक्ष यात्रियों को देखकर चहकते और मस्ती करती दिखाई दी। उन्होंने सभी से गले मिलकर अपनी खुशी का इजहार किया।

### करीब 9 महीने बाद धरती पर कदम रखेंगी सुनीता विलियम्स

क्रू-10 टीम आईएसएस पर अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और बैरी विल्मर की जगह लेगी। अगर सबकुछ ठीक रहा तो सुनीत करीब 9 महीने बाद धरती पर कदम रखेंगी। जून 2024 में सुनीता केवल 8 दिन के लिए अंतरिक्ष गई है, मगर उनकी वापसी करीब 287 दिन बाद होगी। कहा जा रहा है कि तीन से चार दिन में सुनीता धरती पर वापस लौटेंगी। बता दें कि 5 जून 2024 को उन्होंने बोइंग के स्टारलाइनर अंतरिक्ष यान से उड़ान भरी थी।

### शुक्रवार को लॉन्च किया गया था क्रू - 10 मिशन

सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर की वापसी के लिए नासा-स्पेश एक्स ने शुक्रवार को क्र-10 मिशन लॉन्च किया था। फाल्कन 9 रॉकेट के दरिए इस मिशन को लॉन्च किया था. इससे पहले बुधवार को इस मिशन को लॉन्च किया गया था लेकिन सिस्टम में कुछ गड़बड़ी की वजह से इसकी लॉन्चिंग रोकनी पड़ी थी। शुक्रवार को इसे सफलतापूर्वक लॉन्च किया गया. दुनिया सुनीता और बुच के धरती पर वापस लौटने का इंतजार कर रही हैं।

# बलूची लड़ाकों ने फिर किया पाक सेना पर हमला



### कई जवानों के मारे जाने की खबर

**इस्लामाबाद,16 मार्च2025।** बलूचिस्तान में 24 घंटे में दूसरी बार पाकिस्तानी सेना पर हमला हुआ है जिसमें कई जवान घायल हो गए। कई जवानों के मारे जाने की भी खबर है। बताया जाता है कि हमलावरों ने पाक सेना के काफिले पर बम से हमला किया। वहीं, बलूचिस्तान ट्रेन हाईजैक की घटना ने पाकिस्तान को आगबबूला कर दिया है। पाकिस्तान ने बलूचिस्तान में बलूच फ्रीडम फाइटर्स के एक्शन के खिलाफ नेशनल एक्शन प्लान पार्ट-2 चलाने वाला है, जिसके तहत एक बार फिर से बलूचों और अफगानों का कत्लेआम किया जाएगा। पाकिस्तान के सैन्य प्रवक्ता ने शुक्रवार को कहा कि बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी के आतंकवादियों द्वारा ट्रेन अपहरण में मरने वालों की संख्या 31 हो गई है।?इनमें सैनिक हैं और 3 रेलवे कर्मचारी।

# मारा गया आतंकी अबू कताल



**इस्लामाबाद,16 मार्च2025।** भारत में आतंकी घटनाओं को अंजाम देने वाला लश्कर-ए-तैयबा का मौस्ट वॉन्टेड आतंकी अबू कताल शनिवार रात पाकिस्तान में ढेर कर दिया गया है। जानकारी के मुताबिक अनजान हमलावरों ने उसे मौत के घाट उतार दिया।

# प्रधानमंत्री मोदी का पॉडकास्ट हुआ रिलीज

## अमेरिकी पॉडकास्टर के साथ पीएम ने की खास बातें



**नई दिल्ली,16 मार्च 2025।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का तीन घंटे लंबा पॉडकास्ट आ गया है। मशहूर अमेरिकी पॉडकास्टर लेक्स फ्रिडमैन ने पीएम के साथ बात करने से पहले 45 घंटे का उपवास रखा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लेक्स फ्रीडमैन के साथ पॉडकास्ट में आरएसएस से अपने जुड़ाव के बारे में बात की। उन्होंने कहा, मैं खुद को सौभाग्यशाली मानता हूं कि मैंने ऱस्स जैसे प्रतिष्ठित संगठन से जीवन का सार और मूल्य सीखा। मुझे उद्देश्यपूर्ण जीवन मिला। उन्होंने कहा कि बचपन में ऱस्स की सभाओं में जाना हमेशा अच्छा लगता था। मेरे मन में हमेशा एक ही लक्ष्य रहता था, देश के काम आना। यही संघ ने मुझे सिखाया। आरएसएस इस साल 100 साल पूरे कर रहा है। आरएसएस से बड़ा कोई स्वयंसेवी संघ दुनिया में नहीं है। पीएम मोदी ने कहा, आरएसएस को समझना आसान काम नहीं है। इसके कामकाज को समझना होगा। यह अपने सदस्यों को जीवन का उद्देश्य देता है। यह सिखाता है कि राष्ट्र ही सब कुछ है और समाज सेवा ही ईश्वर की सेवा है। हमारे वैदिक संतों और स्वामी विवेकानंद ने जो सिखाया है, संघ भी यही सिखाता है। आरएसएस के कुछ सदस्यों ने शिक्षा में क्रांति लाने के लिए विद्या भारती नामक संगठन की शुरुआत की। उनके देश भर में करीब 25 हजार स्कूल चलते हैं। एक समय में 30 लाख छात्र इन स्कूलों में पढ़ते हैं। वामपंथियों की ओर से प्रचारित श्रमिक आंदोलन दुनिया के मजदूरों, एक हो जाओ! का नारा लगाते हैं, जबकि आरएसएस का श्रमिक संगठन मजदूरों, दुनिया को एक करो! का नारा लगाता है। पीएम नरेंद्र मोदी ने अमेरिकी पॉडकास्टर लेक्स फ्रिडमैन से खास बातचीत की। पीएम मोदी ने अपने बचपन से लेकर, आरआसएस से गहरे जुड़ाव और पाकिस्तान से भारत के हालिया सबंध समेत कई मुद्दों पर चर्चा की। पीएम मोदी ने बताया कि पीएम बनने के बाद शपथ ग्रहण के बाद मैंने पाकिस्तान को बुलाया था, ताकि शुभ शुरुआत हो। हर अच्छे प्रयासों का परिणाम नकारात्मक निकला। हम आशा करते हैं कि हर बार सद्बुद्धि मिलेगी और सुख-शांति की राह पर जाएंगे। वहां की आवाम भी काफी परेशान है। पीएम मोदी ने अपने गरीब बचपन की बातें बताते हुए कहा कि गरीबी उनके लिए कभी भी कठिनाई नहीं रही। उन्होंने बताया कि हालांकि वह गरीब थे, लेकिन उन्हें कभी भी अभाव का अहसास नहीं हुआ। एक किस्सा याद करते हुए उन्होंने बताया कि उनके चाचा ने एक बार उन्हें सफेद कैनवस जूते तोहफे में दिए थे, जिन्हें उन्होंने स्कूल से फेंके गए चॉक से पॉलिश किया। पीएम मोदी ने कहा कि उन्होंने जीवन के हर पहलू को कृतज्ञता के साथ अपनाया और कभी भी गरीबी को संघर्ष के रूप में नहीं देखा। लेक्स फ्रिडमैन ने बताया कि उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ अपनी मुलाकात के सम्मान में 45 घंटे तक केवल पानी पीकर उपवास रखा। इस दौरान पीएम मोदी ने उपवास के फायदों के बारे में बात की, जिसमें उन्होंने कहा कि यह हमारी इंद्रियों को तेज करता है, मानसिक स्पष्टता को बढ़ाता है और अनुशासन को बढ़ावा देता है। उन्होंने बताया कि उपवास केवल भोजन छोड़ने का मामला नहीं है, बल्कि यह एक वैज्ञानिक प्रक्रिया है, जो पारंपरिक और आयुर्वेदिक प्रथाओं से जुड़ी है। पीएम मोदी ने यह भी कहा कि उपवास से वह सुस्त महसूस नहीं करते, बल्कि इससे उन्हें अधिक ऊर्जा मिलती है और वह ज्यादा मेहनत करते हैं।

# भीषण आग की चपेट में नाइट क्लब,45 से ज्यादा लोगों की मौत



**कोसानी,16 मार्च 2025।** उत्तरी मैसेडोनिया के कोसानी में स्थित एक लोकप्रिय पल्स नाइटक्लब में रविवार सुबह भीषण आग लग गई,जिसमें कम से कम 50 लोगों की मौत होने की आशंका है। यह नाइटक्लब राजधानी स्कॉप्जे से लगभग 100 किलोमीटर पूर्व में स्थित है। आग रविवार तड़के लगी, जब मशहूर हिप-हॉप कपल एडीएन लाइव परफॉरमेंस दे रही थीं। एडीएन के परफॉरमेंस को देखने के लिए लगभग 1,500 लोग इकट्ठा हुए थे। वहीं आग लगने के बाद कुछ ही घंटों में पूरे क्लब में तेजी से फैल गई। माना जा रहा है कि आग पायरो टेक्निक इफेक्ट्स की वजह से लगी होगी। इसका इस्तेमाल आतिशबाजी के लिए किया जाता है, जिससे चिंगारियां निकलती हैं।

सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में नाइटक्लब को आग की लपटों में घिरा देखा जा सकता है, जबकि घना धुआं रात के समय आसमान में देखा गया। स्थानीय मीडिया की रिपोर्टों के मुताबिक, 50 से अधिक लोगों की मौत और कई अन्य लोगों के घायल होने की आशंका है। हालांकि अधिकारियों द्वारा मौतों की सही संख्या की पुष्टि नहीं की गई है। शुरुआती रिपोर्टों के मुताबिक, शो के दौरान इस्तेमाल किए गए पायरो टेक्निक इफेक्ट्स से यह आग लगी हो सकती है। फुटेज में मंच से चिंगारियां निकलते हुए दिखाई दे रही हैं, जिससे छत में आग लगी और तेजी से पूरे क्लब में आग फैल गई। रिपोर्ट्स में बताया जा रहा है कि आग ADN के लाइव शो के दौरान लगभग 02ः00 बजे लगी।

# सभी 214 बंधक पाकिस्तानी सैनिक मारे गए



### ट्रेन हाइजैक करने वाले बलोच लिबरेशन आर्मी का सनसनीखेज दावा

**इस्लामाबाद,16 मार्च2025।** पाकिस्तान में सक्रिय अलगाववादी संगठन बलोच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने एक चौंकाने वाला दावा किया है। संगठन ने कहा है कि उसने अपने कब्जे में लिए गए सभी 214 बंधकों को मार डाला है। बीएलए के विद्रोहियों ने दावा किया है कि मारे गए सभी लोग पाकिस्तानी सेना के जवान थे। इस घटना को पाक सेना की हार बताते हुए बीएलए के प्रवक्ता ने कहा कि इन मौतों के लिए पाकिस्तान की सरकार जिम्मेदार है। उन्होंने आरोप लगाया कि पाकिस्तान सरकार उनसे बातचीत करने को तैयार नहीं थी और इन मौतों के बाद भी कोई संवाद स्थापित नहीं किया गया है।

# एफएए ने वाशिंगटन हवाई अड्डे के पास हेलीकॉप्टर यातायात पर स्थायी प्रतिबंध किया जारी



**वाशिंगटन ,16 मार्च 2025।** अमेरिकी संघीय विमानन प्रशासन (एफएए) ने शुक्रवार को कहा कि वह राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड (एनटीएसबी) की सिफारिशों के बाद रोनाल्ड रीगन वाशिंगटन राष्ट्रीय हवाई अड्डे के आसपास गैर-आवश्यक हेलीकॉप्टर संचालन पर स्थायी प्रतिबंध लगा रहा है और हेलीकॉप्टर और यात्री जेट मिश्रित यातायात को समाप्त कर रहा है।

एफएए के नवीनतम नियम 29 जनवरी को हवाई अड्डे के निकट ब्लैक हॉक हेलीकॉप्टर और यात्री जेट के बीच हुई घातक टक्कर के एक महीने बाद आए हैं, जिसमें 67 लोग मारे गए थे।

एफएए ने एक बयान में कहा कि एफएए रोनाल्ड रीगन वाशिंगटन राष्ट्रीय हवाई अड्डे (डीसीए) के आसपास सुरक्षा में सुधार के लिए कई कदम उठा रहा है, जो एनटीएसबी की सिफारिशों का पालन करता है।

इसने कहा कि एफएए रूट-4 को स्थायी रूप से बंद कर रहा है जो एक प्रमुख हेलीकॉप्टर मार्ग है, तथा जांच का नेतृत्व कर रहे एनटीएसबी की सिफारिश के अनुसार वैकल्पिक हेलीकॉप्टर मार्गों का मूल्यांकन कर रहा है।

एफएए ने रनवे 15/33 और 4/22 के एक साथ उपयोग करने पर प्रतिबंध लगा दिया है जब तत्काल मिशन के लिए हेलीकॉप्टर डीसीए के निकट उड़ान भर रहे हों।

यह प्रतिबंधित हवाई क्षेत्र के बाहर कुछ तटरक्षक, समुद्री और पार्क पुलिस हेलीकॉप्टर संचालनों तक दृश्य पृथक्करण के उपयोग को भी सीमित कर रहा है। दृश्य पृथक्करण एक मानक प्रक्रिया है, जिसमें पायलट केवल रडार पृथक्करण पर निर्भर रहने के बजाय, अन्य विमानों को देखकर उनसे सुरक्षित दूरी सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेदार होते हैं।

# कुदरगढ़ महोत्सव की तैयारी को लेकर लोकन्यास ट्रस्ट कुदरगढ़ की बैठक का किया गया आयोजन




» चैत्र नवरात्रि के दौरान लाइव प्रसारण के जरिए किया जा सकेगा माता का दर्शन

» नवरात्रि के 09 दिनों के लिए घोषित होगा तम्बाकू मुक्त क्षेत्र

-संवाददाता-
**सूरजपुर,16 मार्च 2025(घटती-घटना)।**

आगामी चैत्र नवरात्रि के अवसर पर जिले के मां बागेश्वरी कुदरगढ़ धाम में कुदरगढ़ महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। महोत्सव की तैयारियों की समीक्षा की लिए आज कुदरगढ़ मंदिर परिसर में लोकन्यास ट्रस्ट कुदरगढ़ के सामान्य सभा की बैठक का आयोजन श्री रामसेवक पैकरा की अध्यक्षता एवं कलेक्टर श्री एस जयवर्धन की उपस्थिति में किया गया। इस बैठक में महोत्सव के दौरान में स्थल में नागरिकों के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं विकसित करने को लेकर विभिन्न मुद्दों, दिए गए सुझावों एवं कार्य योजना पर चर्चा की गई एवं आवश्यक निर्देश दिए गए। इस अवसर पर पूर्व विधायक श्री पारस नाथ रजवाड़े,श्री भीमसेन अग्रवाल, श्री बाबूलाल अग्रवाल, श्री अनिल सिंह मेजर, श्री ओमकार पाण्डेय, श्री सुभाष गोयल सहित ट्रस्ट के अन्य सदस्य व जनप्रतिनिधि, डीएफओ श्री पंकज कमल, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती कमलेश नंदिनी साहू, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती चांदनी कंवर, एस डी एम ओडगी श्री सागर सिंह,जनपद सीईओ डॉ नृपेंद्र सिंह जिला प्रशासन के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

बैठक में अध्यक्ष श्री पैकरा ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि ट्रस्ट के निरंतर बैठक से मंदिर क्षेत्र के विकास की गति तीव्र हुई है। अभी रोप वे की मांग पूर्ण नहीं हुई पाई है पर शीघ्र ही यह पूरी होगी जिससे हर

वर्ग के श्रद्धालुओं को माता के दर्शन में सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि ट्रस्ट एवं जिला प्रशासन निरंतर इस क्षेत्र में मूलभूत सुविधा विकसित करने के दिशा में कार्य कर रही है। बैठक के दौरान कलेक्टर श्री एस जयवर्धन ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन हेतु सभी आवश्यक व्यवस्था करने,महोत्सव के दौरान पार्किंग एवं शौचालय व्यवस्था बेहतर करने के निर्देश दिए। इस दौरान कचड़ा, प्लास्टिक एवम तंबाकू मुक्त क्षेत्र बनाने के लिए सभी उपाय करने को कहा। उन्होंने मंदिर परिसर की साफ सफाई, सीढ़ियों की साफ सफाई, सभी आवश्यक जगहों पर प्रकाश व्यवस्था, पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर श्री जयवर्धन ने महोत्सव के लिए नियुक्त किए गए विभिन्न विभागों के नोडल अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के लिए निर्देशित किया है।

# नाबालिग का किडनैप कर 15 दिनों तक करता रहा दुष्कर्म




-संवाददाता-
**बलरामपुर,16 मार्च 2025 (घटती-घटना)।**

जिले के वाड्रफनगर से एक मानवता को तार-तार कर देने वाला एक मामला सामने आया है, जिसे जानकर आपका भी खून खौल उठेगा। बता दें कि इस क्षेत्र में एक नाबालिग लड़की को शादी का झांसा देकर बूरी तरह फंसाया गया। इतना ही नहीं आरोपी ने पहले नाबालिग लड़की का अपहरण किया, उसके बाद 15 दिनों तक उसके साथ रेप करता रहा।

दरअसल, बलरामपुर जिले के वाड्रफनगर में इंसानियत को शर्मसार कर दिया गया है। आरोपी ने नाबालिग बच्ची का अपहरण कर 15 दिनों तक अपनी हवस की प्यास मिटाता रहा। मुखबिरी के द्वारा इसकी जानकारी पुलिस को दी गई,जिसके बाद नाबालिग को उसके परिवार को सुपुर्द किया गया।बताया जा रहा है कि परिजनों ने वाड्रफनगर पुलिस चौकी में इस घटना की शिकायत लिखाई थी, जिसके बाद पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं नाबालिग को उसके परिजनों को सौंप दिया गया।

बता दें कि नवागढ़ पुलिस ने सारागांव क्षेत्र के अफरीद गांव का रहने वाला आरोपी अजय सूर्यवंशी को गिरफ्तार कर लिया गया है। वहीं पुलिस ने जानकारी दी कि आरोपी अजय ने नाबालिग लड़की को कोई बहला फुसलाकर भगा ले गया था। रिपोर्ट के बाद पुलिस जांच में जुटी हुई थी।

इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी अजय सूर्यवंशी नाबालिग लड़की को हरियाणा तरफ लेकर गया था। कुछ दिन रहने के बाद वापस अफरीद आ गया। इधर, नवागढ़ पुलिस ने आरोपी अजय सूर्यवंशी के कब्जे नाबालिग लड़की को बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।




# दो बाइकों में आमने-सामने टक्कर,4 की हुई मौत

-संवाददाता-
**कोरिया,16 मार्च 2025 (घटती-घटना)।**

जिले के बैकुंठपुर में एक भीषण सड़क हादसा हुआ, जिसमें चार युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। यह हादसा सोनहत थाना क्षेत्र में दो तेज़ बाइकों की आपस में टक्कर होने से हुआ। इस हादसे में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और चारों शवों को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घायल युवक का इलाज अस्पताल में जारी है। पुलिस ने हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है, जबकि मृतकों के परिजनों को सूचित कर दिया गया है। यह हादसा स्थानीय निवासियों के लिए एक बड़ा सदमा साबित हुआ है।

# डॉक्टरों की कमी से जूझता लखनपुर सरकारी अस्पताल

## तीन डॉक्टरों के भरोसे अस्पताल,उपकरण और सामग्री के कमी के कारण मरीज निजी लैब में जांच कराने मजबूर






-मनोज कुमार-
लखनपुर,16 मार्च 2025
(घटती-घटना)।

सरगुजा जिले के लखनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टरों सहित स्वास्थ्य कर्मचारियों की भारी कमी है। आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों में निवास करने वाले गरीब तबके के लोगों को शासन की स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र व प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मचारियों की कमी से स्वास्थ्य व्यवस्था चरमरा गई है। शासन द्वारा स्वास्थ्य संबंधी विभिन्न जन कल्याणकारी योजना चलाई जा रही है। लेकिन अस्पतालों में डॉक्टरों व उपकरणों सहित स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी के चलते मरीजों को योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा है। मजबूरन मरीजों को शासकीय अस्पताल के बजाए निजी अस्पतालों में उपचार कराना पड़ता है। शासन स्वास्थ्य व्यवस्था को बेहतर बनाने का प्रयास कर रही है लेकिन जब तक अस्पतालों में डॉक्टर व पर्याप्त उपकरण सहित अन्य सुविधा नहीं होगी तो स्वास्थ्य व्यवस्था कैसे बेहतर होगी, लखनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 9 डॉक्टर का सेटअप है परंतु वर्तमान में तीन डॉक्टर ही सेवा दे रहे हैं। इसके अलावा ड्रेसर, नेत्र रोग, स्त्री रोग विशेषज्ञ,सहित अन्य पदों पर नियुक्ति की ओर शासन-प्रशासन द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

> डॉक्टरों की कमी से अस्पताल जूझ रहे है। इसकी जानकारी वरिष्ठ स्तर पर भेज दी गई है। क्षेत्र के मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा महिया करने प्रयास किया जा रहा है।
> बीएमओ डॉ ओ पी प्रसाद

### लैब में उपकरण और सामग्री उपलब्धता की कमी के कारण बाहर जांच कराने मरीज मजबूर

लखनपुर विकासखंड के सुदूर दूरस्थ ग्राम ढोंडा केसरा निवासी विशेष आरक्षित जनजाति के बुधराम पिता क्षेरता उम्र 55 वर्ष सोता मझवार के अचानक तबीयत खराब होने एंबुलेंस 108 की सुविधा नहीं मिलने पर स्थानीय निवासी बिहारी लाल तिर्की ने अपने निजी वाहन के माध्यम से उपचार हेतु बुधराम को लखनपुर अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टर के द्वारा बाहर से टेस्ट करने बोला गया। जब विभिन्न प्रकार के टेस्ट निजी पैथोलॉजी लैब में 1500 का जांच कराया गया किसी तरह बिल कम कराया गया।

### मरीज को एंबुलेंस 108 की नहीं मिली सुविधा

लखनपुर क्षेत्र में मिले एंबुलेंस 108 वाहन की सेवा क्षेत्र वासियों को नहीं मिल पा रही है।अधिकतर देखा गया है लखनपुर एंबुलेंस 108 वाहन में मरीजों को जिला अस्पताल अंबिकापुर से रायपुर भेज दिया जाता है। जिस क्षेत्र के लोगों को एंबुलेंस 108 की सुविधा मे कमी देखनेकोमिल रही है। मरीजों को एंबुलेंस 108 की सुविधा नहीं मिल पाने पर निजी वाहन के माध्यम से रुपए खर्च करके लखनपुर अस्पताल इलाज के लिए लाने को परिजन मजबूर हो रहे हैं।जिससे कई प्रकार की परेशानियों का सामना मरीज के परिजनों को करना पड़ता है।

### एमबीबीएस स्त्री रोग विशेषज्ञ नहीं होने से क्षेत्र की महिलाओं को परेशानी

लखनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एमबीबीएस स्त्री रोग विशेषज्ञ नहीं होने से क्षेत्र की गर्भवती महिलाओं और महिला मरीजों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।महिला डॉक्टर नहीं होने से महिलाएं अपने आप को आसहज महसूस करती हैं।

## रेलवे क्रॉसिंग पर मालगाड़ी को ट्रक ने मारी जबरदस्त टक्कर

-संवाददाता-
कोरबा,16 मार्च 2025
(घटती-घटना)।

सार्वजनिक क्षेत्र के वृहद उपक्रम कोल् इंडिया के अधीन संचालित एसईसीएल बिलासपुर की कोरबा-पश्चिम क्षेत्र में स्थापित खुले मुहाने की गेवरा कोयला परियोजना अंतर्गत कोल इंडिया की सबसे बड़ी खुले मुहाने की कोयला खदान दीपका के रेलवे साइडिंग के समीप मालगाड़ी से एक ट्रक टकरा गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी की इस टक्कर के कारण मालगाड़ी का आखिरी डिब्बा पटरी से उतर गया। जानकारी के अनुसार रेलवे क्रॉसिंग को पार कर रही मालगाड़ी अपनी गति से आगे बढ़ रही थी। यहां तैनात किया गया सुरक्षाकर्मी मौके पर उपस्थित नहीं था। इसलिए संकेत के अभाव में एक ट्रक चालक रेलवे क्रॉसिंग की ओर आया, परंतु मालगाड़ी की गति अचानक कम होने के कारण ट्रक चालक ट्रक की गति पर नियंत्रण नहीं कर सका और ट्रक जाकर मालगाड़ी के आखिरी डिब्बे यानी गार्ड के डिब्बे से टकरा गया। उक्त हादसे में मालगाड़ी का डिब्बा पटरी से उतर गया। इस घटना से एसईसीएल और रेल प्रबंधन दोनों की लापरवाही उजागर हो गई है। बिना फाटक की रेलवे क्रॉसिंग और फिर वहां आवश्यकतानुसार आवागमन करने वालों को संकेत देने के लिए जिन सुरक्षा कर्मियों की ड्यूटी लगाई जाती है वह भी रेलवे क्रॉसिंग के पास मौजूद नहीं था, जिसके कारण यह घटना घटी । मालगाड़ी का डिब्बा पटरी से उतर जाने के कारण रेलवे ट्रैक से कोल परिवहन भी प्रभावित हुआ है।



## बस अनियंत्रित हो उतर गयी खेत में-मची चीख पुकार

-संवाददाता-
कोरबा,16 मार्च 2025
(घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ प्रदेश के पेंड्रा जिले से कोरबा आ रही एक निजी बस कटघोरा तहसील अंतर्गत ग्राम जटगा के पास दुर्घटना का शिकार हो गई। यात्री बस में सवार यात्रियों के अनुसार बस का कमानी पट्टा टूट गया, जिससे वह अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खेतों में चली गई और पलटने से बाल-बाल बच गयी। इस दौरान यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। बस के अंदर बड़ी संख्या में महिलाएं और छोटे-छोटे बच्चे सवार थे, जिन्हें दूसरी बस के माध्यम से कोरबा रवाना किया गया। उक्त हादसे का सुखद पहलु यह रहा की हादसे के दौरान किसी को कोई चोट नहीं आई। लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं पर भी विभागों की नजर नहीं पड़ रही है। बस में सवार यात्रियों ने कहा कि संबंधित बस काफी खस्ताहाल स्थिति में है, लेकिन आरटीओ विभाग के द्वारा ऐसी बसों को परिचालन की अनुमति कैसे दे दी जाती है यह तो विभाग के अधिकारी ही बता सकते हैं।






## बालको में होली का त्योहार धूमधाम से संपन्न

-संवाददाता-
कोरबा,16 मार्च 2025 (घटती-घटना)।

बालको परिवार ने होली उत्सव पूरे उत्साह और उमंग के साथ मनाया। बालको के एल्यूमिनियम क्लब में आयोजित कार्यक्रम में बालको के अधिकारी, कर्मचारी, उनके परिवारजन और विभिन्न श्रमिक संघों के प्रतिनिधि शामिल हुए। बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक श्री राजेश कुमार के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में उपस्थित नागरिकों ने तबला और ढोलक की सुमधुर धुनों पर फाग गीतों का आनंद लिया। सीईओ श्री राजेश कुमार और बालको महिला मंडल अध्यक्ष श्रीमती मनीषा कुमार ने बालको परिवार को होली की शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। होली की पूर्व संध्या पर बालकोनगर स्थित जीईटी हॉस्टल में होलिका दहन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बालको के युवा अधिकारियों ने विधिपूर्वक होलिका की पूजा-अर्चना कर उसका दहन किया। कंपनी द्वारा आयोजित इस होली उत्सव में स्व सहायता समूह (एसएचजी) की महिलाओं द्वारा निर्मित गुलाल का उपयोग किया गया। इस पहल ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने का अवसर प्रदान किया। उन्नति द्वारा निर्मित यह गुलाल बायोडिग्रेडेबल और पर्यावरण के अनुकूल है, जो न केवल स्वास्थ्य के लिए सुरक्षित है, बल्कि पर्यावरण को भी कोई नुकसान नहीं पहुंचाता।

## प्रदेश के महामहिम राज्यपाल श्री रमेन डेका पहुंचे कोरबा

-संवाददाता-
कोरबा,16 मार्च 2025
(घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ राज्य के महामहिम राज्यपाल श्री रमेन डेका दो दिवसीय प्रवास अंतर्गत एनटीपीसी गेस्ट हाउस कावेरी भवन कोरबा पहुँचे। यहां कोरबा जिला कलेक्टर अजीत वसंत और पुलिस अधीक्षक सिद्दार्थ तिवारी ने उनका आत्मीय स्वागत किया। इस दौरान डीएफओ अरविंद पीएम, निशांत कुमार, निगमायुक्त आशुतोष पांडेय आदि ने भी स्वागत किया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर, एनटीपीसी के अधिकारी, एसडीएम कटघोरा, कोरबा आदि उपस्थित थे। श्री डेका के कोरबा पहूंचने पर उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दी गई। कोरबा जिले मे महामहिम राज्यपाल दो दिवसीय प्रवास पर रहेंगे।





## कोरबा पुलिस ने वृद्धाश्रम में बुजुर्ग महिला-पुरुषों के साथ मनाया रंग उत्साव होली

-संवाददाता-
कोरबा,16 मार्च 2025 (घटती-घटना)।

कोरबा पुलिस ने होली के अवसर पर प्रशांति वृद्धाश्रम में बुजुर्ग महिला-पुरुषों के साथ मनाया त्यौहार। इस दौरान गुलाब की पंखुड़ियां व फूलों से खेली गई होली। कोरबा पुलिस की ओर से वृद्धजनों का आशीर्वाद लिया गया साथ ही पुलिस स्टाफ ने वृद्धजनों के साथ भोजन किया वहीं सर्वमंगला पुलिस सहायता केन्द्र प्रभारी विभव तिवारी व समस्त स्टाफ उपस्थित रहे । एएसआई विभव तिवारी ने बताया कि होली का त्योहार रंगों के साथ साथ प्रेम और भाईचारे का त्यौहार है। पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत प्रशांति वृद्ध आश्रम में रहने वाले वृद्धजन अपने परिजनों, घर-परिवार से वर्षो से दूर रहकर जीवन व्यतीत कर रहे हैं, जिन्हे एक बेटे की तरह होली के त्यौहार की खुशियां देने के लिए जिला पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के मार्गदर्शन में पुलिस परिवार ने उनके बीच पहुंचकर होली का त्यौहार मनाया गया। श्री तिवारी ने कहा कि पुलिस की वर्दी के पीछे भी संवेदना होती है, अपराधियों के लिए सख्त है तो वही पुलिस समय-समय पर अपने रिश्ते- नाते निभाने के साथ साथ मानवता को निभाने में भी पीछे नहीं है एवं पुलिस समय-समय पर सोशल पुलिसिंग को बढ़ावा देते हुए वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में काम करते रहते हैं ताकि आम जनता के बीच पुलिस की बेहतर छवि बनी रहे ।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सक्षम प्राधिकारी,सूरजपुर,छ0ग0**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. अ-2/2024-25

एतद्द्वारा आम ग्रामीण जन ग्राम-संजयनगर को सूचित किया जाता है कि आवेदक दिनेश चन्द मण्डल आ0 दुलाल मण्डल, जाति क्षत्रिय, निवासी ग्राम संजयनगर, तहसील लटोरी, जिला सूरजपुर, छ0ग0 द्वारा उनके स्वत्व एवं आधिपत्य की भूमि ग्राम संजयनगर प0ह0नं0 53, रा0नि0मं0 पिलखा तहसील लटोरी स्थित भूमि खसरा क्रमांक 139 रकबा 1.20 हे0 में से 0.05 हे0 कृषि भूमि को व्यवयायिक (दुकान) प्रयोजन में व्यपवर्तन किये जाने का आवेदन-पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा किसी विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 19/03/2025 को न्यायालयीन समयावधि में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। उसके पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 06/03/2025 को न्यायालयीन पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

(सील) विशेष कर्त्तव्याधिकारी (रा.)
भूमि व्यपवर्तन सूरजपुर

## आरएसएस स्वयंसेवकों ने मनाई होली,विभाग कार्यालय में हुआ आयोजन





-संवाददाता-
बैकुण्ठपुर,16 मार्च 2025
(घटती-घटना)।

शुक्रवार को राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के खुटहनपारा स्थित विभाग कार्यालय केशव कुंज में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया,जिसमें हर्षोल्लास के साथ स्वयंसेवकों ने होली खेली।

इस मौके पर संघ कार्यकर्ताओं ने फूलों के साथ अबीर और गुलाल से होली खेली। कार्यक्रम में भगवा ध्वज के नीचे सभी ने देशभक्ति का संकल्प लिया। ढोलक, मंजीरो, चिमटों की थाप पर फाग गीतों आज ब्रज में होली रे रसिया, होली खेले रघुबीरा,रंग बरसे भीगे आदि गीतों पर स्वयंसेवक देर तक झूमते,थिरकते रहे।

इस अवसर पर विभाग प्रचारक नागेश योगी ने कहा कि होली केवल रंगों का नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता और राष्ट्रभावना के संकल्प का पर्व है। हमें इस उत्सव के माध्यम से समाज में सौहार्द और एकता को मजबूत करना चाहिए। जिला सह संघ चालक नरेश सोनी ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ समाज को जोड़ने और राष्ट्र निर्माण के कार्य में सतत सक्रिय है। यह होली मिलन समारोह हमें सामाजिक दायित्वों की याद दिलाती है और परस्पर प्रेम को प्रगाढ़ करती है। नगर संघ चालक अजय जायसवाल ने कहा कि होली आपसी प्रेम, भाईचारा और सौहार्द का त्योहार है। इस त्योहार को बिना किसी भेदभाव के मनाना चाहिए। किसी प्रकार का हुड़दंग नहीं करना चाहिए और न किसी को जबरन रंग लगाना चाहिए। होली हमें देश की सभ्यता और संस्कृति का भी संदेश देती है। जिला कार्यवाह कमलेश गुप्ता ने कहा कि यह त्योहार एकता का संदेश देता है। हम सभी को रंगों की तरह ही आपस में मिलजुल कर मनाना चाहिए। रंगों का त्यौहार है, होली मिलजुल कर मनाएं, खुशियां बांटे नशा से दूर रहे जीवन के इस अनमोल पल को आपसी भाई चारा के साथ मनाए। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्वयंसेवक समेत नगर के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

**न्यायालय तहसीलदार लटोरी जिला सूरजपुर छ0ग0**

**ईश्तहार**

रा0प्र0क्र0.20250126210000 /अ- 6 अ /2024-25

रंजन घरामी प्रति छ0ग0 शासन

सर्वसाधारण ग्राम सम्बलपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री रंजन घरामी आ0 हरशित घरामी जाति नमोशुद्र निवासी डिगमा तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 द्वारा आवेदक के स्वामित्व एवं अधिपत्य की भूमि ग्राम सम्बलपुर प0ह0नं0 19, रा0नि0मं0 पिलखा तहसील लटोरी जिला सूरजपुर स्थित भूमि खसरा नम्बर 821 रकबा 0.84 हे0 भूमि स्थित है। उक्त भूमि को अनावेदिका से पंजीबद्ध विक्रय पत्र के आधार पर दिनांक 02/09/2011 को क्रय किया गया है। उक्त भूमि पर अनावेदिका का नाम दर्ज है, जिसे सुधार कर आवेदक के नाम पर सुधार करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त प्रकरण में हल्का पटवारी से जांच प्रतिवेदन लिया गया । जांच प्रतिवेदन में प्रभावित खातेदार को आहूत किया गया है।

अतः श्रीमती निर्मला बेवा प्रेमनारायण, भारती आ0 शिवनारायण जाति ब्राम्हण निवासी ग्राम अम्बिकापुर फुन्दुरडिहारी जिला सरगुजा आप जहां कही भी हो उक्त प्रकरण में दिनांक 26/03/2025 को स्वतः या अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर अपना जवाब प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि को अनुपस्थिति की स्थिति में आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही करते हुये अग्रिम कार्यवाही किया जावेगा।

आज दिनांक 21/01/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा से जारी किया गया।

(सील) तहसीलदार
लटोरी,जिला-सूरजपुर

# मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की उपस्थिति में नगर पालिका परिषद जशपुर के नवनिर्वाचित अध्यक्ष और पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह हुआ संपन्न







## मुख्यमंत्री ने अध्यक्ष सहित सभी पार्षदों को दी बधाई और शुभकामनाएं....

-संवाददाता-
जशपुरनगर,16 मार्च 2025
(घटती-घटना)।
मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की उपस्थिति में आज नगर पालिका परिषद, जशपुरनगर के नव निर्वाचित अध्यक्ष श्री अरविंद भगत एवं पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह स्वामी आत्मानंद शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में संपन्न हुआ। एसडीएम जशपुर ने अध्यक्ष एवं सभी पार्षदों को वार्डवार शपथ दिलाई।कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में सरगुजा क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष श्रीमती गोमती साय,विधायक श्रीमती रायमुनी भगत, जिला पंचायत के अध्यक्ष श्री सालिक साय मौजूद थे।



इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्री अरविंद भगत सहित सभी पार्षदों को बधाई देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि नवनिर्वाचित अध्यक्ष और पार्षदगण नगर को स्वच्छ, सुव्यवस्थित एवं समृद्ध बनाने की दिशा में दृढ़ संकल्प के साथ कार्य करते हुए जन आकांक्षाओं की उम्मीदों में खरा उतरेंगे। अध्यक्ष श्री अरविंद भगत सहित जिन नवनिर्वाचित पार्षदों ने शपथ ली उनमें, वार्ड क्रमांक 01 से अनुज कुमार, वार्ड क्रमांक 02 से सुधीर कुमार पाठक, वार्ड क्रमांक 03 से राजेश गुप्ता, वार्ड क्रमांक 04 से शशि बाई, वार्ड क्रमांक 05 से फैजान खान, वार्ड क्रमांक 06 से कमला कुमारी, वार्ड क्रमांक 07 से सुधीर कुमार भगत, वार्ड क्रमांक 08 से प्रभा शर्मा, वार्ड क्रमांक 09 से रमाशंकर प्रसाद गुप्ता, वार्ड क्रमांक 10 से द्वारिका मिश्रा, वार्ड क्रमांक 11 से शबनम, वार्ड क्रमांक 12 से कंचन बैरागी, वार्ड क्रमांक 13 से विक्रांत सिंह, वार्ड क्रमांक 14 से प्रियम्बदा देवी, वार्ड क्रमांक 15 से विनोद कुमार निकुंज, वार्ड क्रमांक 16 से विजेता भगत, वार्ड क्रमांक 17 से मुकेश्वर इंदवार, वार्ड क्रमांक 18 से देवधर नायक, वार्ड क्रमांक 19 से यश प्रताप सिंह जूदेव और वार्ड क्रमांक 20 से शैलेंद्री यादव शामिल हैं। शपथ ग्रहण उपरांत विशिष्ट अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री शौर्य प्रताप सिंह जूदेव, सरगुजा आयुक्त श्री नरेंद्र दुग्गा, आईजी श्री अंकित गर्ग, कलेक्टर श्री रोहित व्यास, पुलिस अधीक्षक श्री शशिमोहन सिंह, विक्रमादित्य सिंह जूदेव, पवन साय, कृष्ण कुमार राय, भरत सिंह, रामप्रताप सिंह, नरेश नंदे, रजनी प्रधान, शांति भगत, सहित जनप्रतिनिधिगण अधिकारी-कर्मचारी और बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

## शोषित पीड़ितों को न्याय दिलाने हेतु करें कार्यःमुख्यमंत्री श्री साय

### मुख्यमंत्री ने बार काउंसिल के जीर्णोद्धार एवं ई-लाइब्रेरी निर्माण हेतु 1 करोड़ रुपये देने की घोषणा

### जिला अधिवक्ता संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को मुख्यमंत्री श्री साय ने दिलाई शपथ






-संवाददाता-
जशपुरनगर,16 मार्च 2025
(घटती-घटना)।
जशपुर के जिला व्यवहार न्यायालय में जिला अधिवक्ता संघ के द्वारा नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के लिए आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय शामिल हुए। यहां उन्होंने नव निर्वाचित अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष एवं सदस्यों को शपथ दिलाई। इस दौरान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री मंसूर अहमद, अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री जनार्दन खरे, उपाध्यक्ष सरगुजा क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण एवं विधायक पत्थलगांव श्रीमती गोमती साय, विधायक जशपुर श्रीमती रायमुनी भगत उपस्थित रहे।

जिसमें जशपुर जिला अधिवक्ता संघ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्री ओम प्रकाश साय, वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री जनार्दन प्रसाद सिन्हा, कनिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती दीपिका कुजूर, सचिव श्री सत्य प्रकाश तिवारी,सह सचिव श्री सूरज चौरसिया, कोषाध्यक्ष श्री सुचेन्द्र कुमार सिंह, ग्रंथपाल श्री गोपाल प्रसाद रवानी, क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक सचिव श्री सत्येन्द्र जोल्हे शामिल रहे।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने नव निर्वाचित अधिवक्ता संघ के पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज न्यायालयों में करोड़ों मामले लंबित हैं और न्याय की आशा में लोग न्यायालयों का रास्ता देख रहे हैं। हम सभी को अपने प्रयासों से सभी शोषित, पीड़ित एवं दलितों को न्याय दिलाने का कार्य करना है। जशपुर का जिला अधिवक्ता संघ अपने आप में ऐतिहासिक रहा है, यहां श्री भारतचंद काबरा, श्री बालासाहेब देशपांडे जैसी महान विभूतियों के साथ मेरे परिवार के श्री नरहरि साय ने भी नेतृत्व किया है। सभी ने शोषित, पीड़ित लोगों को न्याय दिलाने के लिए कार्य किया, जिससे कई लोगों को न्याय प्राप्त हुआ है, यह परंपरा हमें बनाये रखनी है। इस अवसर पर उन्होंने बार काउंसिल के जीर्णोद्धार, ई-लाइब्रेरी निर्माण हेतु 1 करोड़ रुपये देने की घोषणा भी की।

कार्यक्रम में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री मंसूर अहमद ने कहा कि अधिवक्ता संघ एवं न्याय व्यवस्था में अटूट रिश्ता रहा है। उन्होंने उम्मीद जताई कि अधिवक्ता संघ के द्वारा लोगों को न्याय दिलाने एवं नई पीढ़ी के अधिवक्ताओं को मार्गदर्शन देने का कार्य सदा जारी रहेगा। उन्होंने न्याय व्यवस्था को सशक्त बनाने के साथ गरिमा पूर्ण रूप से समाज सेवा करने का संदेश अधिवक्ताओं को दिया। इस कार्यक्रम में कलेक्टर श्री रोहित व्यास, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री शशिमोहन सिंह, पवन साय, कृष्ण कुमार राय, रामप्रताप सिंह सहित अन्य अधिवक्तागण एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री ने आगडीह में सीजी एअर स्कवाड्रन एनसीसी रायपुर के कैडेट्स का किया उत्साहवर्धन

### जशपुर में पहली बार विमान उड़ानें का दिया गया प्रशिक्षण

### पायलट बनाने के हर संभव सहायता कराया जाएगा उपलब्ध



-संवाददाता-
जशपुरनगर,16 मार्च 2025
(घटती-घटना)।
मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज आगडीह के हवाई पट्टी में 3 सीजी एयर एसक्वीएन एनसीसी रायपुर के कैंडिडेट का उत्साहवर्धन किया और उनके अनुभव जाने मुख्यमंत्री ने कहा कि जशपुर के युवाओं को मेडिकल , इंजिनियर, शिक्षक, सहित हर क्षेत्र में कैरियर बनाने के लिए बेहतर प्रयास किया जा रहा है। जशपुर के युवाओं पायलट में अपना भविष्य बनाए इसके लिए छत्तीसगढ़ शासन हर संभव सहायता उपलब्ध कराया जाएगा उन्होंने बच्चों को जशपुर के पर्यटन स्थल का भ्रमण करवाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही बताया कि जशपुर प्राकृतिक सौंदर्य से बहुत अच्छा जिला यहां काजू, चाय पत्ती नाशपाती सहित अच्छा फलों की खेती होती है । जशपुर में सेव की भी खेती की जा रही है। मुख्यमंत्री ने माइक्रो लाइट एयर स्क्वाड्रन विमान का अवलोकन कर तकनीकी जानकारी ली ।

इस अवसर पर सरगुजा आदिवासी विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष श्रीमती गोमती साय विधायक जशपुर श्रीमती रायमुनी भगत जिला पंचायत अध्यक्ष श्री सालिक साय डी डी सी श्रीमती शान्ति भगत सरगुजा कमिश्नर श्री नरेन्द्र कुमार दुग्गा आईजी श्री अंकित गर्ग कलेक्टर श्री रोहित व्यास एस एस पी श्री शशि मोहन सिंह जिला पंचायत सीईओ श्री अभिषेक कुमार अन्य जनप्रतिनिधि गण उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि जिले में 7 मार्च 25 से रोज सुबह छोटे विमान का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। विमान आसमान की सैर कर वापस जमीन पर आ जाता है। दरअसल आगडीह हवाई पट्टी से 3 सीजी एअर स्कवाड्रन एनसीसी रायपुर के 100 चयनित केडेट्स को हल्के विमान उड़ाने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। रायपुर से बाहर जशपुर जिले में पहली बार हो रहा प्रशिक्षण को लेकर केडेट्स मे भी भारी उत्साह है। एक तरफ जशपुर का मनोरम दृश्य और प्रशिक्षण पाने का उत्साह उनके जोश को दोगुना कर देता है। लगभग एक माह तक चलने वाले इस प्रशिक्षण में केडेट्स का विमान उड़ाने की ट्रेनिंग दिया जा रहा है। 100 केडेट्स को प्रशिक्षण देने का लक्ष्य रखा गया है।

### ट्वीन सीटर एसडब्ल्यू 80 विमान से दिया जा रहा है प्रशिक्षण

आगडीह हवाई पट्टी की लंबाई 1200 मीटर और चौड़ाई 25 मीटर है। सिंगल इंजन ट्वीन सीटर वायरस एसडब्ल्यू 80 विमान से कैडेट्स को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। विमान 20 हजार फीट तक उड़ान भर सकता है। फिलहाल प्रशिक्षण के लिए 1000 फीट तक ही उड़ान का संचालन किया जा रहा है। कमांडिग ऑफिसर ने बताया की यह प्रशिक्षण केडेट्स के सुनहरे भविष्य की नींव तैयार कर रहा है। उन्होंने बताया कि एनसीसी के एयर विंग से सी प्रमाण पत्र परीक्षा में अच्छे ग्रेडिंग से पास करने पर केडेट्स सीधे एयर फ़ोर्स के इंटरव्यू के लिए पात्र माने जाते हैं।

### एअर फोर्स पायलट बनने का सपना लिए ले रहे हैं प्रशिक्षण

प्रशिक्षु नितेश प्रजापति ने बताया की वे पहली बार जशपुर में प्रशिक्षण के लिए आए हैं। यहां का साफ-स्वच्छ और खूबसूरत वातावरण में फ्लाईंग की ट्रेनिंग लेना उन्हें काफी अच्छा लग रहा है। उन्होंने बताया की वे एअर फोर्स पायलट बनना चाहते हैं और यह प्रशिक्षण उनका सपना को पूरा करेगा। इसी तरह प्रशिक्षण ले रहे प्रांशु चौहान ने बताया की यहां पर एअर ट्रैफिक क्लीयर रहता है। रनवे भी क्लीयर मिलने की वजह से प्रशिक्षण में किसी प्रकार की दिक्कत नहीं होती है। यहां का स्वच्छ वातावरण और खूबसूरत प्राकृतिक दृश्य होने की वजह से जशपुर में प्रशिक्षण प्राप्त करना उनके लिए हमेशा यादगार रहेगा।

## मुख्यमंत्री राष्ट्रीय कन्नौजिया सोनार महापरिवार के प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम में हुए शामिल




-संवाददाता-
जशपुरनगर,16 मार्च 2025
(घटती-घटना)।
मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय आज जशपुर विकासखंड के श्याम पैलेस में राष्ट्रीय कनौजिया सोनार महापरिवार जशपुर मंडल के प्रतिभा सम्मान समारोह कार्यक्रम में शामिल हुए। और समाज को सामाजिक भवन बनाने के लिए 25 लाख की घोषणा की मुख्यमंत्री ने सोनार समाज के 10 वीं और 12 बोर्ड वीं में अच्छे अंक लाने वाले और आई आई टी में प्रवेश पाने वाले मेडिकल में प्रवेश लेने वाले प्रतिभाशाली बच्चों का प्रतीक चिन्ह और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा सोनार समाज समाजिक क्षेत्र में अच्छा कार्य कर रहा है। समाज द्वारा निशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर, निर्धन बेटियों का विवाह, रक्तदान शिविर, वृक्षारोपण के भी सार्थक कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने इसके लिए समाज को ऐसे ही आगे बढ़ने के लिए अपनी हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी।

उन्होंने कहा अपने बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ाए और कमजोर परिवार के बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए आर्थिक सहयोग प्रदान करें।

उन्होंने कहा कि शिक्षा एक बहुत बड़ा हथियार है। शिक्षा के बिना जीवन अधुरा है। शिक्षा व्यक्ति के जीवन को नई दिशा देता है। उनका रहन-सहन सब बदल जाता है। समाज में सम्मान भी मिलता है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार बने लगभग 15 माह हो गए हैं और मोदी जी की गारंटी को भी पूरा कर रहे हैं। नगरीय निकाय के शपथग्रहण समारोह में आज शामिल हुए हैं। उन्होंने कहा कि नगरीय निकाय में नवनिर्वाचित अध्यक्ष और हमारे पार्षद जीतकर आए हैं। वे लोगों जशपुर के विकास कार्य के लिए बेहतर कार्य करेंगे। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य श्री शौर्य प्रताप सिंह जूदेव, कृष्णा राय, डां. राम प्रताप सिंह श्री विजय आदित्य सिंह जूदेव सोनी समाज के जिला अध्यक्ष श्री विकाश सोनी और सोनी समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## मुझे नहीं लगता कि दिल्ली की टीम पर कोई मानसिक अवरोध है : डीसी कोच बैटी



**नई दिल्ली,16 मार्च 2025।** ब्रेबोर्न स्टेडियम में 2025 के फाइनल में मुंबई इंडियंस से आठ रन से हारने के बाद लगातार तीसरी बार दिल्ली कैपिटल्स महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में उपविजेता रही। लीग चरण में तालिका में शीर्ष पर रहने के बावजूद खिताबी मुकाबले में एक और दिल टूटने के बाद मुख्य कोच जोनाथन बैटी ने अपनी टीम का बचाव करते हुए मेग लैनिंग की अगुआई वाली टीम में मानसिक अवरोध की बातों को खारिज कर दिया। बैटी ने कहा, लड़कियां वास्तव में सकारात्मक रही हैं, मैं उन्हें दोष नहीं दे सकता। कोई भी नकारात्मक बात नहीं हुई जैसे कि ओह हमने पिछले दो फाइनल में गड़बड़ कर दी है, हम इस बार भी यही बोझ उठाने जा रहे हैं, ऐसा कुछ भी नहीं। मुझे लगा कि वे वास्तव में सकारात्मक थीं, वास्तव में आत्मविश्वास से भरी हुई थीं। लड़कियां शानदार रही हैं, उन्होंने शानदार प्रशिक्षण लिया है। मुझे नहीं लगता कि यह बिल्कुल भी मानसिक अवरोध है। आप देखें कि हमने पहले हाफ में गेंद और फील्डिंग के साथ कैसा प्रदर्शन किया और उन्हें उस विकेट पर 149 रन पर रोक दिया।

# पाकिस्तानी टीम का हुआ बेड़ा गर्क

### चैंपियंस ट्रॉफी के बाद अब टी 20 आई में झेलनी पड़ी करारी हार



**इस्लामाबाद,16 मार्च 2025।** चैंपियंस ट्रॉफी 2025 पाकिस्तानी टीम के लिए किसी बुरे सपने से कम नहीं रही थी, जहां टीम खिताब जीतना तो दूर, एक भी मैच नहीं जीत पाई थी। अब चैंपियंस ट्रॉफी के बाद भी पाकिस्तानी टीम जीत को तरस गई है। पाकिस्तान क्रिकेट टीम इस समय न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच टी20 मैचों की सीरीज खेल रही है। इस सीरीज के लिए कई सीनियर प्लेयर्स को टीम से बाहर किया गया है। इस वजह से टीम की कमान सलमान अली आगा संभाल रहे हैं। अब उनकी कप्तानी में पाकिस्तान को न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टी20 मैच में 9 विकेट से हार झेलनी पड़ी है और इसी के साथ न्यूजीलैंड ने सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली है।

### पाकिस्तानी बल्लेबाज रहे फ्लॉप

न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टी20 मैच में पाकिस्तान के गेंदबाज और बल्लेबाज अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए। पहले बल्लेबाजी करते हुए पाकिस्तानी टीम सिर्फ 91 रनों पर ही सिमट गई। खराब प्रदर्शन का आलम ये रहा कि पाकिस्तानी टीम पूरे 20 ओवर भी नहीं खेल पाई। टीम के लिए खुशदिल शाह ने जरूर पारी संभालने की कोशिश की, लेकिन वह बड़ी पारी नहीं खेल पाए। टीम के 8 बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा पार नहीं सके।

### कीवी टीम ने आसानी से चेज किया टारगेट

इसके बाद न्यूजीलैंड ने 92 रनों का टारगेट बहुत ही आसानी से चेज कर लिया। कीवी टीम के लिए टिम सिफर्ट ने 44 रनों की बेहतरीन पारी खेली। फिल एलन ने 29 रन और टिम रोबिनसन ने 18 रनों का योगदान दिया। इन प्लेयर्स की वजह से ही न्यूजीलैंड ने 9 विकेट से मैच जीत लिया। कीवी टीम के लिए मैच में काइल जेमीसन और जैकब डफी ने शानदार गेंदबाजी की थी। इन दोनों प्लेयर्स ने कुल मिलाकर 7 विकेट हासिल किए थे। जेमीसन ने 4 ओवर में सिर्फ 8 रन देकर तीन विकेट हासिल किए। उन्होंने पाकिस्तानी टीम के बैटिंग ऑर्डर को बुरी तरह से ध्वस्त कर दिया। अच्छे खेल के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड भी दिया गया।

### तीन प्लेयर्स ने किया था डेब्यू

अब चैंपियंस ट्रॉफी के बाद मिली एक और हार पाकिस्तानी टीम की चिंताएं बढ़ाने वाली है। टीम के लिए गेंदबाज और बल्लेबाज अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पा रहे हैं। इस मैच के लिए पाकिस्तान की तरफ से तीन प्लेयर्स ने टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में डेब्यू किया था। उनमें अब्दुल समद, हसन नवाज और मोहम्मद अली शामिल थे। लेकिन ये खिलाड़ी अच्छा नहीं कर पाए।

### 8 पाकिस्तानी बल्लेबाज नहीं छू पाए दहाई का आंकड़ा

### 9 साल पुराना शर्मनाक रिकॉर्ड भी छूटा पीछे

चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के बाद पाकिस्तानी क्रिकेट टीम इस समय न्यूजीलैंड दौरे पर गई है। जहां उसे पांच टी20 मैच और तीन वनडे मैचों की सीरीज खेलेगी। पाकिस्तान को न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टी 20 आई मैच में 9 विकेट से हार झेलनी पड़ी। इस मैच में न्यूजीलैंड के कप्तान माइकल ब्रेसबेल ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया, जो सही साबित हुआ। पाकिस्तानी टीम पहले बैटिंग करते हुए सिर्फ 91 रनों पर ही सिमट गई और पूरे 20 ओवर तक नहीं खेल पाई।

### न्यूजीलैंड के खिलाफ बनाया टी 20 आई में सबसे कम स्कोर

पाकिस्तान का न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में 91 रन सबसे कम स्कोर है। इससे पहले पाकिस्तान ने साल 2016 में न्यूजीलैंड के खिलाफ टी 20 आई मैच में 101 रन बनाए थे। लेकिन अब बल्लेबाजों के खराब प्रदर्शन की वजह से ही पाकिस्तान ने 9 साल पुराने के बेहद खराब रिकॉर्ड को भी पीछे छोड़ दिया है। न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टी20 मैच में पाकिस्तानी बल्लेबाजों ने बहुत ही खराब प्रदर्शन किया। टीम के दोनों ओपनर्स बिना खाता खोले पवेलियन लौट गए। पाकिस्तान के 8 बल्लेबाज तो दहाई का आंकड़ा भी पार नहीं सके। टीम के लिए सलमान अली आगा ने 18 रन बनाए। खुशदिल शाह ने कुछ देर विकेट पर टिकने की कोशिश की, लेकिन वह भी बड़ी पारी नहीं खेल पाए और सिर्फ 32 रन बनाकर आउट हो गए। जहांदाद खान ने 17 रनों का योगदान दिया। पूरी पाकिस्तानी टीम सिर्फ 18.4 ओवर्स में 91 रनों पर ही बना सकी।

### न्यूजीलैंड के गेंदबाजों ने किया कमाल

न्यूजीलैंड के लिए जैकब डफी और काइल जेमीसन ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। इन दोनों ही प्लेयर्स ने कातिलाना गेंदबाजी का नमूना पेश किया और इनके आगे पाकिस्तानी बल्लेबाज टिक नहीं पाए। जैकब ने सबसे ज्यादा चार विकेट हासिल किए। वहीं जेमीसन के खाते में तीन विकेट गए। ईश सोढ़ी ने 2 विकेट चटकाए। इन गेंदबाजों की वजह से ही पाकिस्तानी टीम बड़ा स्कोर नहीं बना पाई।

# मुंबई इंडियंस ने तोड़ा दिल्ली कैपिटल्स का महारिकॉर्ड

### » चैंपियन बनते ही किया ऐसा करिश्मा

**नई दिल्ली,16 मार्च 2025।** डब्ल्यूपीएल के तीसरे सीजन का खिताब मुंबई इंडियंस ने दिल्ली कैपिटल्स को हराकर जीत लिया। अभी तक डब्ल्यूपीएल के कुल तीन ही सीजन हुए हैं, जिसमें दो बार मुंबई की टीम चैंपियन बनी है। वहीं दिल्ली कैपिटल्स ने तीनों सीजन के फाइनल में जगह बनाई और हर बार उसे हार का मुंह देखना पड़ा। अब डब्ल्यूपीएल 2025 के फाइनल में मुंबई के लिए हरमनप्रीत कौर ने शानदार प्रदर्शन किया है और उनके अर्धशतक की वजह से ही टीम मुकाबला जीतने में सफल रही। अच्छे खेल के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड मिला।



### मुंबई ने तोड़ा दिल्ली कैपिटल्स का रिकॉर्ड

डब्ल्यूपीएल 2025 का फाइनल मुकाबला मुंबई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स के बीच ब्रेबोर्न स्टेडियम में खेला गया। इस मैच में मुंबई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 149 रन बनाए, जिसके जवाब में दिल्ली की टीम सिर्फ 141 रनों पर सिमट गई और मुंबई ने 8 रनों से मैच जीत लिया। अब मुंबई की टीम डब्ल्यूपीएल के इतिहास में एक वेन्यू पर सबसे ज्यादा मैच जीतने वाली टीम बन गई है। मुंबई इंडियंस ने अभी तक मुंबई के ब्रेबोर्न स्टेडियम में कुल 7 मुकाबले जीते हैं और इसी के साथ मुंबई ने दिल्ली कैपिटल्स का रिकॉर्ड ध्वस्त कर दिया। दिल्ली की टीम ने बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में डब्ल्यूपीएल में कुल 6 मुकाबले जीते थे।

### डब्ल्यूपीएल में एक वेन्यू पर सबसे ज्यादा मैच जीतने वाली टीमें:-

7-मुंबई इंडियंस, ब्रेबोर्न स्टेडियम, मुंबई
6-दिल्ली कैपिटल्स, एम चिन्नास्वामी स्टेडियम, बेंगलुरु
5-मुंबई इंडियंस, एम चिन्नास्वामी स्टेडियम, बेंगलुरु

### नेट सेवियर ब्रंट ने किया दमदार प्रदर्शन

मुंबई इंडियंस की टीम के लिए वुमेंस प्रीमियर लीग 2025 के पूरे टूर्नामेंट में नेट सेवियर ब्रंट और अमेलिया केर ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। ये प्लेयर्स अपने दम पर मुंबई को फाइनल में लेकर गईं। सेवियर ब्रंट ने डब्ल्यूपीएल 2025 में सबसे ज्यादा 523 रन बनाए। इसके बाद शानदार गेंदबाजी से उन्होंने 10 विकेट से भी झटके। अहम मौकों पर उन्होंने अच्छा खेल दिखाया और मुंबई को जीत दिलाई। शानदार प्रदर्शन के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का अवॉर्ड मिला।

अमेलिया केर और हेले मैथ्यूज दोनों प्लेयर्स ने डब्ल्यूपीएल 2025 में सबसे ज्यादा विकेट हासिल किए। इन दोनों बॉलर्स ने 18-18 विकेट अपने नाम किए। पूरे टूर्नामेंट में इन गेंदबाजों के आगे विरोधी टीम की बल्लेबाज टिक नहीं पाई। फाइनल में भी अमेलिया ने दो विकेट हासिल किए। वहीं मैथ्यूज ने खाते में एक विकेट गया।

## हरमनप्रीत की पारी हमारे लिए निर्णायक साबित हुई : एमआई कोच एडवर्ड्स



**मुंबई,16 मार्च 2025।** मुंबई इंडियंस (एमआई) ने महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) का दूसरा खिताब जीत लिया। उन्होंने फाइनल मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) को आठ रनों से हराया। इस जीत के बाद एमआई की मुख्य कोच शार्लेट एडवर्ड्स ने कप्तान हरमनप्रीत कौर की 66 रनों की शानदार पारी को मैच का टर्निंग पॉइंट बताया। मुकाबले में हरमनप्रीत ने घुटने की परेशानी के बावजूद बेहतरीन शॉट खेले और शानदार 66 रन बनाए। उन्होंने 44 गेंदों की अपनी पारी में नौ चौके और दो छक्के लगाए। हालांकि एमआई की शुरुआत धीमी रही और पहले छह ओवर में सिर्फ 20 रन बने, लेकिन इसके बाद टीम ने संभलकर 149/7 का स्कोर खड़ा किया। एमआई के गेंदबाजों ने इस लक्ष्य को बचाने में शानदार प्रदर्शन किया, जिसमें नैट साइवर ब्रंट ने तीन विकेट चटकाए और डीसी को 141/9 तक सीमित कर दिया। शार्लेट एडवर्ड्स ने मैच के बाद कहा, हम जानते थे कि इस मैदान पर पहले छह ओवरों में बल्लेबाजी करना मुश्किल होगा, लेकिन बाद में हम वापसी कर सकते हैं।

उन्होंने हरमनप्रीत की पारी की तारीफ करते हुए कहा, जब वह अपनी बेहतरीन लय में होती हैं, तो वह दुनिया की सबसे बेहतरीन खिलाड़ी बन जाती हैं।

# आईपीएल 2025 में इस गेंदबाज से होगा रोहित शर्मा को सबसे ज्यादा खतरा

**नई दिल्ली,16 मार्च 2025।** इंडियन प्रीमियर लीग (2025) की शुरुआत अब कुछ ही दिनों में होने वाली है। आगामी सीजन का पहला मुकाबला ईडन गार्डन्स में कोलकाता नाईट राइडर्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच खेला जाएगा। टूर्नामेंट के पिछले 17 संस्करणों में कुछ खिलाड़ियों के बीच कई रोमांचक टक्कर देखने को मिली है। उसी में से एक प्लेयर बैटल कोलकाता नाइट राइडर्स के सुनील नरेन और मुंबई इंडियंस के रोहित शर्मा के बीच देखने को मिली है। कोलकाता के स्टार खिलाड़ी सुनील नरेन ने आईपीएल में रोहित को आठ बार आउट किया है। यह टूर्नामेंट के इतिहास में किसी गेंदबाज द्वारा किसी एक बल्लेबाज को आउट करने का सबसे बड़ा रिकॉर्ड है। आज तक किसी भी गेंदबाज ने एक बल्लेबाज को इतनी बार आउट नहीं किया है।



### सुनील नरेन के खिलाफ रोहित का रिकॉर्ड है बेहद ही खराब

आईपीएल में सुनील नरेन के खिलाफ रोहित शर्मा का रिकॉर्ड बेहद खराब रहा है। इस लीग में नरेन के खिलाफ उनका औसत मात्र 17.87 रहा है। रोहित अपनी 21 पारियों में नरेन के खिलाफ 134 गेंदों में 106.71 की स्ट्राइक रेट से केवल 141 रन ही बना पाए हैं। नरेन ने इस दौरान रोहित को आठ बार आउट किया है। इस गेंदबाज के खिलाफ रोहित अब तक सिर्फ 2 छक्के लगा पाए हैं। आप सभी इस बात को जानते हैं कि, रोहित मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम से अच्छी तरह वाकिफ हैं, क्योंकि यह एमआई का घरेलू मैदान है। दिलचस्प बात यह है कि इस मैदान पर भी नरेन ने उनको काफी परेशान किया है। वानखेड़े में वो केकेआर के इस गेंदबाज के खिलाफ 5 बार आउट हो चुके हैं।

# अंबाती रायडू ने चुनी मुंबई इंडियंस की प्लेइंग इलेवन

### सिर्फ 3 विदेशी खिलाड़ियों को किया शामिल

**नई दिल्ली,16 मार्च 2025।** भारतीय टीम के पूर्व क्रिकेटर अंबाती रायडू ने आईपीएल 2025 के लिए मुंबई इंडियंस की संभावित प्लेइंग इलेवन का चुनाव किया है। रायडू ने मुंबई की प्लेइंग इलेवन में सिर्फ तीन विदेशी खिलाड़ियों को ही चुना है उन्हें भरोसा है कि बाकी 8 भारतीय खिलाड़ी इस टीम की नैय्या पार लगा सकते हैं। रायडू ने अपनी प्लेइंग इलेवन के बारे में बताया। मुंबई के ओपनर्स के रूप में रायडू ने रोहित शर्मा और रयान रिकेल्टन को चुना है। जबकि नंबर तीन, चार और पांच के लिए उन्होंने तिलक वर्मा, सूर्यकुमार यादव और हार्दिक पांड्या को चुना है। नंबर 6 पर उन्होंने युवा नमन धीर पर भरोसा जताया है जबकि नंबर सात के लिए उनकी पसंद न्यूजीलैंड के लिमिटेड ओवर्स कप्तान मिचेल सैंटनर हैं। इसके बाद उन्होंने तीन तेज़ गेंदबाजों में जसप्रीत बुमराह, ट्रेंट बोल्ट और दीपक चाहर को चुना है। जबकि 11वें प्लेयर और इम्पैक्ट प्लेयर के लिए उन्होंने कंडीशंस के हिसाब से प्लेयर का चुनाव करने की सलाह दी। खैर, ये देखना दिलचस्प होगा कि क्या मुंबई की टीम मैनेजमेंट भी रायडू द्वारा चुनी गई प्लेइंग इलेवन के साथ जाती है या वो कुछ अन्य प्लेयर्स पर भरोसा जताते हैं।इससे पहले रायडू ने चेन्नई सुपर किंग्स की संभावित प्लेइंग इलेवन का चुनाव भी किया। आपको बता दें कि उन्होंने



सीएसके की इलेवन में 5 ऑलराउंडर और दो विकेटकीपर शामिल किए हैं जिसमें 43 वर्षीय ष्ट्स्य के स्टार और अनुभवी खिलाड़ी महेंद्र सिंह धोनी भी शामिल हैं। दरअसल, अंबाती रायडू ने स्टार स्पोर्ट्स के साथ बातचीत करते हुए सीएसके की संभावित प्लेइंग इलेवन चुनाव किया। यहां उन्होंने ओपनर के तौर पर सबसे पहले कैप्टन ऋतुराज गायकवाड़ और फिर विकेटकीपर बैटर डेवोन कॉनवे को चुना। इसके बाद नंबर-3 के लिए उन्होंने एक और कीवी खिलाड़ी रचिन रविंद्र को जगह दी, जो कि बॉलिंग करके भी सीएसके के लिए योगदान कर सकते हैं।

## चीनी फुटबॉल टीम ने एक वॉर्मअप मैच में कुवैत की टीम को 3-1 से हराया

**बीजिंग,16 मार्च 2025।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के दुबई में वर्ष 2026 विश्व कप के एशियाई क्षेत्र की क्वालीफाइंग प्रतियोगिता के टॉप-18 के दौर की तैयारी कर रही चीनी पुरुष फुटबॉल टीम ने 15 मार्च को एक वॉर्मअप मैच में कुवैत की टीम को 3-1 से हरा दिया। चीनी टीम 20 मार्च को टॉप-18 प्रतियोगिता के सी ग्रुप के सातवें दौर में विदेशी मैदान के मैच में सउदी अरब के साथ मुकाबला करेगी। सी ग्रुप में अब जापान 16 अंकों के साथ पहले और ऑस्ट्रेलिया सात अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है। चीन, सउदी अरब, बहरीन और इंडोनेशिया के पास छह-छह अंक हैं।

# 700 करोड़ रुपयों के फेर में उलझी फिल्म ?




कृष-4 अपने बड़े बजट 700 करोड़ रुपयों के फेर में उलझ गई है। साल 2003 में आई फिल्म कोई मिल गया ने भारत को पहला सुपरहिट सुपरहीरो दिया था। इस फिल्म में ऋतिक रोशन और प्रीति जिंटा लीड रोल में नजर आए थे। यहां से शुरू हुआ कृष का सफर अगली किस्त 2006 में कृष के नाम से लेकर आए। ये पार्ट भी हिट रहा और लोगों को खूब पसंद आया। इसके बाद इस सीरीज का तीसरा पार्ट 2013 में रिलीज हुआ था और खूब कमाई की थी। अब करीब 10 साल से लोगों को इस फिल्म के चौथे पार्ट का इंतजार है। लेकिन बीते दिनों राकेश रोशन भी इसको लेकर खुलासा कर चुके हैं फिल्म पर काम चल रहा है। बीते दिनों कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया कि 700 करोड़ रुपयों के बजट से इस फिल्म को सिद्धार्थ आनंद प्रोड्यूस करने वाले हैं। हालांकि अब बताया जा रहा है कि सिद्धार्थ ने बड़े बजट और पोस्ट मार्वल एरा के बाद बाजार में मंदी के चलते इस प्रोजेक्ट से खुद को अलग कर लिया है। हालांकि प्रोड्यूसर्स ने इसको लेकर कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी है।

### ऋतिक रोशन बनते-बनते रह गए सुपरहीरो, क्या है कृष-4 की असल कहानी

बॉलीवुड का पहला सुपरहिट सुपरहीरो और सबका चहेता किरदार कृष रहा है। इस सुपरहीरो सीरीज की 3 फिल्में अब तक रिलीज हो गई हैं और बॉक्स ऑफिस पर खूब हंगामा काट चुकी हैं। अब इस सुपरहीरो सीरीज के चौथे पार्ट की चर्चा भी बीते कुछ समय से सुनने में आ रही है। फिल्म के डायरेक्टर राकेश रोशन भी इसको लेकर बता चुके हैं कि फिल्म बन रही है और जल्द ही इसकी पूरी डिटेल्स सामने आ जाएगी। लेकिन कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में ये दावा किया जा रहा है कि

### बड़े बजट से बनी धांसू सुपरहीरो वाली फिल्म ?

बता दें कि बॉलीवुड सुपरहीरो की कहानियां बताने में हॉलीवुड से बहुत पीछे है। बॉलीवुड के पास इकलौता सुपरहिट सुपरहीरो कृष ही है जिसे अभी तक खूब प्यार मिला है। वहीं हॉलीवुड प्रोडक्शन मार्वल ने अब तक सुपरहीरोज की झड़ी लगा दी है। अब देखना होगा कि कृष-4 कब तक सिनेमाघरों में देखने को मिल सकती है। ये फिल्म 700 करोड़ रुपयों के बड़े बजट से बनाई जा सकती है। हालांकि अब बताया जा रहा है कि सिद्धार्थ आनंद के साथ डील टूटने के बाद राकेश रोशन नए रास्तों पर काम कर रहे हैं। साथ ही ये भी बताया जा रहा है कि जल्द ही इस फिल्म को लेकर नए अपडेट सामने आ सकते हैं।



## परिणीति ने कहा था कि कभी पॉलिटिशियन से शादी नहीं करूंगी

### पर हावर्ड पहुंचे पति तो खुशी से झूम उठीं परिणीति चोपड़ा

बॉलीवुड एक्ट्रेस परिणीति चोपड़ा के पति और आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा हाल ही में हावर्ड यूनिवर्सिटी में आमंत्रित किए गए थे। यहां राघन चड्ढा ने एक प्रोग्राम में बतौर गेस्ट हिस्सा लिया था। अपने पति की इस अपलब्धि पर परिणीति चोपड़ा ने भी खूब प्यार लुटाया है और उनकी तस्वीरें शेयर कर जमकर तारीफ भी की है। इन तारीफों के बीच परिणीति चोपड़ा का एक पुराना इंटरव्यू भी वायरल हो रहा है। जिसमें परिणीति ये कहती दिख रही हैं कि वे कभी भी पॉलिटीशियन से शादी नहीं करेंगी।

### पति पर लुटाया खूब प्यार

बता दें कि आम आदमी पार्टी के सांसद राघव चड्ढा भी राजनीति की दुनिया का एक चमकता सितारा हैं। संसद में भाषण हो या फिर अंदरूनी राजनीति हर बात पर खुलकर राय देने वाले नेता राघव चड्ढा को बीते दिनों हावर्ड यूनिवर्सिटी में आमंत्रित किया गया था। यहां राघव चड्ढा ने पहुंचकर छात्रों के साथ संवाद किया। राघव ने इसकी तस्वीरें अपने इंस्टाग्राम पर शेयर कीं और इसे एक प्राउड मोमेंट बताया। वहीं अपने पति राघव की इस उपलब्धि पर एक्ट्रेस परिणीति चोपड़ा भी खुशी से उछल पड़ीं। परिणीति चोपड़ा ने भी अपने इंस्टाग्राम पर राघव की तस्वीरें शेयर कर उनकी तारीफ की है।

### परिणीति का पुराना वीडियो हुआ वायरल

वहीं परिणीति की अपने पति की इन तारीफों के बीच एक पुराना वीडियो वायरल हो रहा है। जिसमें परिणीति अपने कोस्टार अर्जुन कपूर के साथ सिद्धार्थ कनन के शो में अपनी फिल्म के प्रमोशन के लिए पहुंची थीं। यहां जब शो का होस्ट उनसे शादी की चॉइस के बारे में पूछता है तो परिणीति खुलकर जवाब देती हैं। साथ ही परिणीति बताती हैं कि उन्हें कैसा पति चाहिए। परिणीति ने बताया था कि वो उनका सम्मान करे उन्हें ये काफी आकर्षक लगता है। साथ ही परिणीति से जब पूछा गया कि क्या आप किसी राजनीतिक करियर वाले इंसान से शादी करेंगी। तो इसके जवाब में परिणीति चोपड़ा ने साफ मना कर दिया था। साथ ही कहा था कि मैं कभी भी किसी पॉलिटीशियन से शादी नहीं करूंगी। अब अपने पति की तारीफों के बीच परिणीति का ये पुराना बयान एक बार फिर से सोशल मीडिया पर वायरल होने लगा है।

## महत्वपूर्ण खबर

### होटल हयात में ब्लैक में बिक रही थी आईएमएल फाइनल मैच की टिकट



**क्राइम ब्रांच ने छापा मारकर 2 लोगों को पकड़ा**

**रायपुर,16 मार्च 2025(ए)।** तेलीबांधा थाना इलाके में संचालित होटल हयात में आईएमएल फाइनल मैच की टिकट ब्लैक में बिक रही थी जिसकी सूचना पर क्राइम ब्रांच की टीम ने रेड मारी है। इस दौरान दो लोग हिरासत में लिए गए है।

### धमतरी में गुंडे से परेशान ग्रामीणों का टूटा सब्र का बांध, पीट पीटकर ले ली जान

**धमतरी,16 मार्च 2025(ए)।** छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले से एक बड़ी खबर सामने आई है। बिरेझर चौकी के मड़ेली गांव में एक कुख्यात बदमाश की हत्या कर दी गई है। मृतक का नाम बिट्टा बताया जा रहा है, जो इलाके का



जाना-माना अपराधी था। उसने अपनी आपराधिक गतिविधियों से आम लोगों का जीना मुश्किल कर रखा था, और उसके खिलाफ विभिन्न थानों में कई मामले दर्ज थे।सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, बिट्टा की हत्या गांव के ही परेशान निवासियों ने की है। ग्रामीणों ने पहले उसकी जमकर पिटाई की, और अस्पताल ले जाते समय उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है और हत्या में शामिल लोगों की पहचान की जा रही है। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है और इलाके में सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

### छत्तीसगढ़ से छात्रा का अपहरण कर ओडिशा में किया गैंगरेप



**सक्ती,16 मार्च 2025(ए)।** छत्तीसगढ़ के सक्ती जिले में एक दिल दहला देने वाली घटना ने पूरे इलाके को स्तब्ध कर दिया है। 12वीं कक्षा में पढ़ने वाली एक छात्रा का अपहरण कर उसे ओडिशा ले जाया गया, जहां उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया गया। आरोपियों ने न सिर्फ इस जघन्य अपराध को अंजाम दिया, बल्कि पीड़िता को जान से मारने की धमकी देकर उसे और डरा दिया। घटना के बाद पीड़िता को उसके घर के बाहर छोड़कर सभी आरोपी मौके से फरार हो गए।

### थाना परिसर में लगी भीषण आग से जब्त गाड़ियां जलकर हुई राख



**कांकेर,16 मार्च 2025(ए)।** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में रविवार की सुबह उस वक्त हड़कंप मच गया, जब कोतवाली थाना परिसर में भीषण आग लगने से वहां रखीं जब्त गाड़ियां धू-धू कर जल उठीं। आग की लपटों ने देखते ही देखते कई वाहनों को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे थाना परिसर में अफरातफरी का माहौल बन गया। घटना की जानकारी मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम तुरंत मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

# सिम्स में घोर लापरवाही का मामला आया सामने

- » पेट दर्द पीड़ित महिला मरीज को लगाया गर्भपात का इंजेक्शन...
- » महिला का हुआ गर्भपात,परिजनों ने मचाया हंगामा...
- » परिजन ने स्टाफ पर लापरवाही का आरोप लगाया...
- » स्टाफ ने कविता की जगह गिरजा को इंजेक्शन दिया...
- » डॉक्टरों ने इलाज का दावा कर जांच का वादा किया...



**बिलासपुर,16 मार्च 2025(ए)।** सिम्स में पेट दर्द की समस्या के कारण भर्ती महिला को इंजेक्शन लगाते ही उसका गर्भपात हो गया। परिजन ने डॉक्टरों और स्टाफ पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा किया है। आरोप है कि किसी कविता नाम की महिला की जगह इंजेक्शन लगा दिया गया। इधर डॉक्टरों ने महिला का सही इलाज और उसकी जान बचाने की बात कही है। फिलहाल सिम्स प्रबंधन ने महिला के परिजन को जांच का आश्वासन दिया है।

### पीड़िता ने लगाया लापरवाही का आरोप

पीड़िता गिरजा ने आरोप लगाया है कि वार्ड में कविता नाम की महिला भर्ती थी। वह आठ माह की गर्भवती थी। उसके बच्चे की पेट में मौत हो गई थी। डॉक्टरों ने उसे इंजेक्शन लगाने कहा था। इधर स्टाफ कविता की जगह गिरजा को बुलाकर ले गई। उसे दूसरी महिला की जगह पर इंजेक्शन लगा दिया गया। जब डॉक्टरों को इस लापरवाही की जानकारी हुई उन्होंने स्टाफ को फटकार भी लगाई।

### एचओडी ने कहा... नहीं हुई गलती,महिला की बचाई जान

इस पूरे मामले में स्त्री रोग विभाग की एचओडी डा संगीता जोगी ने किसी तरह की लापरवाही से इन्कार किया है। उन्होंने बताया कि महिला की जांच रिपोर्ट के बाद उपचार किया गया है। अगर उसे सही समय पर इलाज नहीं मिलता तो उसकी मौत भी हो सकती थी। उन्होंने पूरे मामले की जांच भी कराने का आश्वासन दिया है।

**इंजेक्शन लगाकर हुआ ब्लीडिंग**

कोटा क्षेत्र के करगीकला गांव में रहने वाली गिरजा साहू (24) पांच महीने की गर्भवती थी। पेट दर्द के कारण परिजन उसे सिम्स लेकर आए थे। यहां पर उसे भर्ती कर इंजेक्शन दिया गया। इंजेक्शन लगने के कुछ देर बाद ही उसे ब्लीडिंग शुरू हो गई। इसके कारण उसका गर्भपात हो गया।

## बजट सत्र का अंतिम सप्ताह में विभागीय बजट के अलावा अनेक विधेयक होंगे पारित




**रायपुर,16 मार्च 2025(ए)।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के चल रहे बजट सत्र के अंतिम सप्ताह की बैठकें आज से शुरू हो रही हैं। पांच दिन की बैठकों में सीएम समेत चार मंत्रियों के विभागों के बजट सहित 9 विधेयकों के साथ 2 विनियोग विधेयक पारित होगा।

जारी समय सारिणी के मुताबिक बजट सत्र 21मार्च को समाप्त हो रहा है। उससे पहले सरकार अपने वित्त और विधाई कार्य निपटाएगी। वित्तीय कार्य में कृषि मंत्री रामविचार नेताम, वित्त मंत्री ओपी चौधरी, डिप्टी सीएम गृह विजय शर्मा और सीएम साय के विभागों की अनुदान मांगों का पारण शामिल है। इसके साथ ही 9 विधेयक पारित करने हैं। अंत में तृतीय अनुपूरक बजट और वार्षिक बजट के लिए विनियोग विधेयक पारित होगा। इसके लिए सदन बिना लंच ब्रेक के शाम एक दो घंटे अतिरिक्त भी बैठ सकता है। वार्षिक बजट के लिए विनियोग विधेयक 19 मार्च को पेश किया जाएगा।

**निम्न विधेयक होंगे पारित**

- ➡ पंचायत राज संशोधन अध्यादेश (विधेयक)।
- ➡ विधायकों के वेतन भत्ते संशोधन विधेयक-यात्रा भत्ते में बायरोड ट्रैवलिंग खर्च की सुविधा और दिवंगत विधायकों के आश्रित कुटुंब के पेंशन मे 15हजार वृद्धि।
- ➡ लोकतंत्र सेनानी सम्मान निधि विधेयक।
- ➡ लोक परिसर सरकारी (भूमिभवन)बेदखली विधेयक- कलेक्टर से निचले अफसर को अधिकार
- ➡ स्टाम्प शुल्क रजिस्ट्री संशोधन विधेयक।
- ➡ राज्यपाल की आकस्मिकता निधि संशोधन विधेयक- 1 हजार करोड़ का प्रावधान।
- ➡ श्रम विधि संशोधन विधेयक- केंद्र के संशोधनों का अनुमोदन।




## बस्तर के नवोदय विद्यालय की राशन आपूर्ति टेंडर पर हाईकोर्ट ने लगाई रोक

**बिलासपुर,16 मार्च 2025(ए)।** बस्तर में संचालित जवाहर नवोदय विद्यालय में राशन आपूर्ति से संबंधित टेंडर प्रक्रिया पर हाईकोर्ट ने स्थगन आदेश जारी किया है। यह रोक उस स्थिति में लगाई गई है जब पहले से एल-वन घोषित आपूर्तिकर्ता के बावजूद नई टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी गई थी।

बस्तर स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय में राशन और अनाज की खरीदी के लिए विद्यालय प्राचार्य द्वारा 22 जून को निविदा (बिड) जारी की गई थी। इस प्रक्रिया में जगदलपुर के गोलबाजार स्थित शुक्ल एंड कंपनी ने 26 जून को आवेदन के साथ कोटेशन प्रस्तुत किया। नियमानुसार 90 दिनों के भीतर राशन आपूर्ति पूर्ण की जानी थी। न्यूनतम दर (एल-वन) होने के कारण शुक्ल एंड कंपनी को निविदा में सफल घोषित कर दिया गया।

**प्राचार्य ने इस तरह की मनमानी**

इसके बावजूद, विद्यालय प्राचार्य ने पुनः बोली आमंत्रित करने के लिए एक नया विज्ञापन जारी कर दिया। इस दौरान, शुक्ल एंड कंपनी ने 5 लाख रुपये मूल्य का राशन एवं अन्य आवश्यक वस्तुओं की खरीदारी कर ली थी। प्राचार्य के निर्णय को याचिकाकर्ता कंपनी द्वारा हाईकोर्ट में चुनौती दी गई। मामले पर सुनवाई के बाद, न्यायालय ने विद्यालय प्राचार्य द्वारा जारी नए विज्ञापन एवं टेंडर प्रक्रिया को विधि-विरुद्ध मानते हुए तत्काल प्रभाव से इस पर रोक लगा दी।

## जशपुर में पहली बार विमान उड़ान प्रशिक्षण

- » सीएम साय ने बढ़ाया एनसीसी कैडेट्स का हौसला...
- » युवाओं के पायलट बनने का सपना अब होगा साकार...




**रायपुर/जशपुरनगर,16 मार्च 2025 (ए)।** छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले में इतिहास रचा गया है, जहां पहली बार विमान उड़ान प्रशिक्षण की शुरुआत हुई है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आगडीह हवाई पट्टी पर 3 सीजी एयर स्क्वाड्रन एनसीसी रायपुर के कैडेट्स का उत्साहवर्धन किया और उनके अनुभवों को सुना। इस मौके पर उन्होंने कहा कि जशपुर के युवाओं के लिए मेडिकल, इंजीनियरिंग और शिक्षा जैसे क्षेत्रों के साथ-साथ अब पायलट बनने का सपना भी साकार करने की दिशा में राज्य सरकार हर संभव प्रयास कर रही है।

मुख्यमंत्री ने प्रशिक्षण के साथ-साथ युवाओं को जशपुर के प्राकृतिक सौंदर्य और पर्यटन स्थलों का भ्रमण कराने के निर्देश भी दिए। उन्होंने जशपुर को प्राकृतिक संपदा से समृद्ध जिला बताते हुए कहा कि यहां काजू, चाय पत्ती, नाशपाती और अब सेब की खेती भी हो रही है। इस दौरान उन्होंने माइक्रो लाइट एयर स्कवाड्रन विमान का निरीक्षण कर तकनीकी जानकारी भी हासिल की।

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 24 मार्च आएंगी रायपुर



**रायपुर,16 मार्च 2025(ए)।** भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू रायपुर आएंगी। 24 मार्च को वो छत्तीसगढ़ दौरे पर होंगी। विधानसभा में होने जा रहे खास कार्यक्रम में वो शामिल होंगी। ये कार्यक्रम प्रदेश की स्थापना के रजत जयंती वर्ष को ध्यान में रखकर किया जा रहा है। प्रबोधन कार्यक्रम नाम के आयोजन में राष्ट्रपति मुर्मू विधायकों से चर्चा करेंगी। वो सदन को संबोधित करेंगी।

## आबकारी विभाग ने निकाली बंपर भर्ती,200 पद भरे जाएंगे




**रायपुर,16 मार्च 2025(ए)।** छत्तीसगढ़ में जल्द ही आबकारी आरक्षकों के 200 पदों पर भर्ती की प्रक्रिया शुरू होने वाली है। लंबे समय से इस भर्ती का इंतजार किया जा रहा था, जिसे अब पूरा करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा इन पदों के लिए लिखित परीक्षा आयोजित की जाएगी। आबकारी विभाग ने व्यापम को रिक्त पदों की सूची और आरक्षण वर्गवार विवरण भेज दिया है। जल्द ही परीक्षा तिथि और आवेदन प्रक्रिया की घोषणा की जाएगी। सरकार द्वारा विभिन्न आरक्षित श्रेणियों के लिए सीटों का आवंटन किया गया है। इससे सभी वर्गों के उम्मीदवारों को समान अवसर मिलेगा। प्रदेश में आबकारी आरक्षक के पदों पर भर्ती की मांग काफी समय से की जा रही थी। बेरोजगार युवाओं के लिए यह एक सुनहरा अवसर होगा।

## शासकीय ठेकों में धर्म आधारित आरक्षण निंदनीय



**सिद्धारमैया सरकार का फैसला,षड्यंत्र है कांग्रेस की:विष्णुदेव साय**

**रायपुर,16 मार्च 2025(ए)।** सीएम विष्णु देव साय ने कर्नाटक में सरकारी ठेकों में धर्म आधारित आरक्षण कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने एक्स पर लिखा कि कांग्रेस शासित कर्नाटक में शासकीय ठेके में धर्म आधारित आरक्षण देना निंदनीय और अस्वीकार्य है। जहां भी दुर्भाग्य से कांग्रेस सत्ता में होती है, वह भारतीय संविधान का सबसे पहले गला घोंटने की कोशिश करती है। यह तुष्टीकरण की पराकाष्ठा है। धर्म आधारित आरक्षण के विरुद्ध वैसे भी अनेक बार माननीय न्यायालयों ने निर्णय दिया है। यह फैसला भी न्यायालय में टिकेगा नहीं, यह कांग्रेस का राष्टीय नेतृत्व भी भली-भांति जानता है। किंतु हमेशा की तरह समाज में वैमनस्य पैदा करने के लिए कांग्रेस का यह सोचा समझा षड्यंत्र है। देश-प्रदेश के आदिवासी, दलित और वंचित लोगों को संविधान द्वारा दिये आरक्षण के साथ इस तरह खिलवाड़ सहन योग्य नहीं है। कांग्रेस अध्यक्ष श्री खरगे और राहुल गांधी जल्द से जल्द इसे वापस लेने का निर्देश मुख्यमंत्री सिद्धारमैया को दें। दुखद है कि वंचित समाज से आने वाले खरगे जी, सोनिया जी और राहुल जी के बहकावे में आकर अपने ही समाज के विरुद्ध साजिशें रचने में स्वयं को इस्तेमाल होने दे रहे हैं। चेत जाइए खरगे जी। इतिहास इस तरह आपको माफ नहीं करेगा।

## कोटा नगर पंचायत और जनपद पंचायत में शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न



**कोटा,16 मार्च 2025(ए)।** कोटा में नगर पंचायत और जनपद पंचायत के नवनिर्वाचित अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह डी.के.पी. स्कूल मैदान में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपमुख्यमंत्री अरुण साव मौजूद रहे। उनके साथ बिलासपुर विधायक अमर अग्रवाल, बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक, तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह, बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला, प्रदेश मंत्री प्रबल प्रताप सिंह जूदेव, कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव और अन्य वरिष्ठ नेता भी शामिल हुए। नगर पंचायत और जनपद पंचायत के प्रतिनिधियों ने ली शपथ।

नगर पंचायत कोटा की नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्रीमती सरोज दुर्गेश साहू ने अपने 12 बीजेपी और 3 कांग्रेस पार्षदों के साथ शपथ ली। दूसरी ओर, जनपद पंचायत कोटा के अध्यक्ष श्रीमती सूरज साधे लाल भारद्वाज, उपाध्यक्ष और 24 जनपद सदस्यों ने भी शपथ ग्रहण किया। सभी जनप्रतिनिधियों को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कोटा नितिन तिवारी ने संकल्प दिलाया।

## बीजेपी नेत्री की बेटी की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत



**दुर्ग,16 मार्च 2025(ए)।** होली के दिन छत्तीसगढ़ के दुर्ग-राजनांदगांव बायपास रोड पर हुए भीषण सड़क हादसे में बीजेपी महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष स्वीटी कौशिक की बेटी ऋचा कौशिक (23) की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे में ऋचा के तीन दोस्त गंभीर रूप से घायल हुए हैं। इस हादसे का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है, जिसमें हादसे की भयावहता का अंदाजा लगाया जा सकता है।

**कैसे हुआ हादसा?**

घटना होली के दिन यानी शुक्रवार 14 मार्च दोपहर करीब 3 बजे की है, जब ऋचा अपने दोस्तों के साथ अंजोरा स्थित एक ढाबे में खाना खाने गई थी। वहां से भिलाई लौटने के दौरान उनकी तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराई और हवा में उछल गई। सीसीटीवी फुटेज में दिख रहा है कि कार 5 बार पलटी और पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे के दौरान ऋचा ने बचने के लिए दरवाजा खोलकर कूदने की कोशिश की, लेकिन वह 15 फीट हवा में उछलकर पेट्रोल पंप के पास जा गिरी, जिससे उसे सिर पर गंभीर चोट लगी।

**अस्पताल में इलाज के दौरान हुई मौत**

ऋचा को तत्काल रायपुर के रामकृष्ण केयर अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी हालत नाजुक बनी रही। सिर में गंभीर चोट लगने के कारण वह कोमा में चली गई और इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। वहीं, हादसे में घायल मयंक यादव (क्राइम गुत्तेश्वर यादव का बेटा, कोहका निवासी), आयुष यादव (25, निवासी औद्योगिक क्षेत्र हाउसिंग बोर्ड) और हर्ष यादव (24, कोहका, भिलाई निवासी) का इलाज आरोग्यम अस्पताल में चल रहा है।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)